आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 02 अप्रैल 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -42 ■ अंक-004 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 3 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

### जग्गी हत्याकांड: जाना होगा जेल, कोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार की

## अमित जोगी को तीन सप्ताह में सरेंडर करने हाईकोर्ट का आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बिलासपुर,2 अप्रैल।** एनसीपी के नेता स्व रामअवतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया है। पूर्व के आदेश को पलटते हुए हाई कोर्ट ने सीबीआई की अपील को स्वीकार कर लिया है। सीबीआई की अपील स्वीकार करने के साथ ही हत्याकांड के प्रमुख आरोपी अमित जोगी को तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई और स्व जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने अलग-अलग याचिका दायर कर हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करने के लिए छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट को निर्देशित किया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जग्गी हत्याकांड की फाइल रिओपन कर सुनवाई की जा रही है।

याचिकाकर्ता सतीश जग्गी के अधिवक्ता बीपी. शर्मा ने डिवीजन बेंच को बताया, सुप्रीम कोर्ट ने मामले को पुनर्विचार के लिए वापस छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट भेज दिया है। सीबीआई की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वैभव ए. गोवर्धन और राज्य की ओर से उपस्थित उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडे ने संयुक्त रूप से निवेदन किया कि राज्य ने 31 मई 2007 को आवेदन पेश कर निचली अदालत द्वारा पारित बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील करने की अनुमति मांगी थी। उक्त आवेदन को इस न्यायालय की समन्वय पीठ ने 18 अगस्त 2011 को इस आधार पर खारिज कर दिया था, सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे मामले में राज्य द्वारा दायर अपील की अनुमति के लिए आवेदन स्वीकार्य नहीं है।सीबीआई ने याचिका दायर कर 31 मई 2007 के फैसले और आदेश को चुनौती दी थी। हालांकि, इस न्यायालय की समन्वय पीठ ने 12 सितंबर 2011 के आदेश द्वारा विलंब के आधार पर इसे खारिज कर दिया था। इसके अतिरिक्त, अमित ऐश्वर्या जोगी की बरी होने को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण याचिका को आपराधिक अपील में परिवर्तित करने की मांग करते हुए शिकायतकर्ता सतीश जग्गी द्वारा दायर याचिका को भी 19 सितंबर 2011 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया था।

**सतीश जग्गी व सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी याचिका**-18 अगस्त 2011, 12 सितंबर .2011 और 19 सितंबर 2011 के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ,सतीश जग्गी व सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 06 नवंबर 2025 के आदेश के परिप्रेक्ष्य में याचिका दायर करने में हुई देरी को क्षमा कर दिया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से कहा, सतीश जग्गी और राज्य सरकार को बनाए पक्षकार**-याचिका को सीबीआई द्वारा दायर अपील की अनुमति के आवेदन पर गुण-दोष के आधार पर पुनर्विचार के लिए छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट को वापस भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है, सीबीआई उक्त कार्यवाही में वास्तविक शिकायतकर्ता और राज्य को आवश्यक पक्षकार बनाए। सीबीआई के वकील वैभव ए गोवर्धन ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा 06 नवंबर 2025 को पारित आदेश की एक प्रति हाई कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की है, जिसे रिकॉर्ड में ले लिया गया है।

**सतीश जग्गी व अमित जोगी को कोर्ट में उपस्थिति के लिए डिवीजन बेंच ने जारी किया था नोटिस**-चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। डिवीजन बेंच ने जग्गी हत्याकांड के आरोपी अमित जोगी और याचिकाकर्ता सतीश जग्गी को नोटिस जारी कर अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

**रायपुर एसपी के जरिए नोटिस तामिली का आदेश, तामिल के बाद देना होगा शपथ पत्र**-डिवीजन बेंच ने रायपुर के पुलिस अधीक्षक के माध्यम से नोटिस की तामिली कराने का निर्देश दिया था। नोटिस तामिल करने के साथ ही एसपी रायपुर को शपथ पत्र पेश करने का निर्देश दिया था। राज्य शासन की ओर से पैरवी के लिए उपस्थित अधिवक्ता को निर्देश के परिपालन के संबंध में नोटिस की कॉपी रायपुर एसपी को भेजने की बात कही थी।

**23 साल पहले रामअवतार जग्गी की गोली मारकर कर दी थी हत्या**-4 जून 2003 को एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 31 लोगों को आरोपी बनाया था। बाद में बलटू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को दोषी करार दिया गया था। हालांकि बाद में अमित जोगी को बरी कर दिया गया था। अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जिस पर अमित के पक्ष में स्टे ऑर्डर है।

### मेरे साथ अन्याय हुआ, सर्वोच्च न्यायालय से न्याय जरूर मिलेगा : जोगी



इस मामले में अमित जोगी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि आज उच्च न्यायालय ने बिना सुनवाई का अवसर दिए मेरे विरुद्ध सीबीआई की अपील को मात्र 40 मिनट में स्वीकार कर लिया। मुझे खेद है कि जिस व्यक्ति को अदालत ने दोषमुक्त किया था, उसे बिना सुनवाई का एक भी अवसर दिए दोषी करार दिया गया। यह अप्रत्याशित है। अमित जोगी ने कहा, अदालत ने मुझे 3 सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का समय दिया है। मुझे लगता है कि मेरे साथ गंभीर अन्याय हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय से मुझे न्याय अवश्य मिलेगा। मैं न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास रखता हूं। मैं पूर्ण शांति, आस्था और धैर्य के साथ आगे बढ़ रहा हूं। सत्य की जीत अवश्य होगी।

### महानदी जल विवाद पर 11 अप्रैल को सुनवाई

**रायपुर,2 अप्रैल।** महानदी के जल बटवारे को लेकर छत्तीसगढ़ औऱ ओड़िसा के बीच चल रहे विवाद पर लगातार बैठकों का दौर जारी है l वहीं महानदी जल विवाद पर अब दोनों राज्यों के साथ ट्रिब्यूनल की 11 अप्रैल को अहम सुनवाई होनी है l इसके पूर्व ट्रिब्यूनल की टीम ओड़िसा और छत्तीसगढ़ का दौरा कर चुकी है l बताया जा रहा है कि दोनों राज्यों के टेक्निकल एक्सपर्ट कमेटी गर्मियों में जल उपलब्धता का आकलन करेगी और सुनवाई से पहले पहुंचेगी किसी निष्कर्ष पर पंहुचेगी l वहीं ओड़िसा द्वारा महानदी बेसिन से अधिक पानी छोड़ने पर जोर दिया जा रहा है l ख़ास बात यह है कि 13 अप्रैल को ट्रिब्यूनल का कार्यकाल समाप्त हो रहा है l वहीं छत्तीसगढ़ और उड़ीसा दोनों सरकारों ने ट्रिब्यूनल का कार्यकाल बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है l

### इंडिगो फ्लाइट 911 के वॉशरूम में डेंजर लिखा टिश्यू मिलने से मचा हड़कंप

**मुंबई,2 अप्रैल।** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट मुंबई पर उस समय हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की एक फ्लाइट के टॉयलेट में 'डेंजर' लिखा हुआ टिश्यू पेपर मिला। यह घटना उस समय सामने आई, जब इंडिगो की फ्लाइट संख्या 911 अगली उड़ान के लिए तैयार की जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर जरूरी कदम उठाए गए। इसके साथ ही बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया, जिसने फ्लाइट और आसपास के क्षेत्र की गहन जांच की। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया, जब इंडिगो की एक छ्राइट में सुरक्षा को लेकर मिले एक संदिग्ध अलर्ट की सूचना झूठी निकली। इंडिगो की एक फ्लाइट के टॉयलेट में 'डेंजर' लिखा हुआ टिश्यू पेपर मिला। प्लेन के टॉइलट के बाहर से एक टिश्यू मिला, जिस पर खतरा लिखा था। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया। एयरपोर्ट स्टाफ ने तुरंत इस संदिग्ध जानकारी की सूचना मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी।

### 4 लाख के हीरों के साथ ओडिशा का तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद,2 अप्रैल।** पुलिस ने अवैध हीरा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। स्पेशल टीम और शोभा थाना पुलिस ने मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय तस्कर को पकड़ा है। एक हफ्ते के भीतर हीरे की तस्करी पर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। गिरफ्तार आरोपी डमरू लाल लहरे (52 वर्ष), निवासी उमरकोट, जिला नवरंगपुर (ओडिशा) का निवासी है। जिसके पास से पुलिस ने 08 नग बेशकीमती हीरे कीमत ₹4 लाख और एक मोटरसाइकिल की कीमत ₹50 हजार कुल ₹4.50 लाख का मशरूका जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुसियार बरछा कचना ध्रुवा मंदिर के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर हीरे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की स्पेशल टीम और शोभा थाना प्रभारी ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 8 नग छोटे-बड़े चमकीले हीरे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## आप ने राज्यसभा में राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाया, सदन में बोलने पर भी रोक

**नईदिल्ली,2 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी ने एक अहम संगठनात्मक फैसला लेते हुए राघव चड्ढा को राज्यसभा में उप नेता के पद से हटा दिया है। पार्टी ने इस संबंध में औपचारिक रूप से राज्यसभा सचिवालय को पत्र भेजकर जानकारी दी और इसमें यह निर्देश भी शामिल किया कि अब उन्हें संसद में बोलने का समय न दिया जाए। इस कदम को आप के भीतर बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अब राज्यसभा में पार्टी के नए उप नेता के रूप में डॉ. अशोक मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. मित्तल पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं और पार्टी ने उन्हें सदन में नेतृत्व की नई जिम्मेदारी दी है। हाल ही में राघव चड्ढा और आप के बीच मतभेद और दूरी की खबरें लगातार चर्चा में रही हैं। इसी बीच पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में उप नेता पद से हटाने का कदम उठाया। इसके तहत आप ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र भेजकर यह जानकारी दी और उन्हें संसद में बोलने का समय न देने का निर्देश भी दिया। हालांकि, पार्टी की ओर से इस कदम को लेकर किसी तरह के विवाद या अलग



होने का बयान नहीं आया। विशेषज्ञ इसे इस तरह देख रहे हैं कि पार्टी ने लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों पर स्पष्ट रुख अपना लिया है। आम आदमी पार्टी (के वर्तमान राज्यसभा सदस्यों में कुल 10 सांसद हैं, जिनमें से 7 पंजाब और 3 दिल्ली से हैं। पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पार्टी की शुरुआत से ही जुड़े रहे हैं। राघव चड्ढा ने अपना राजनीतिक करियर 2012 में अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली लोकपाल बिल पर काम करते हुए शुरू किया।

## समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने 11 महिलाओं को कुचला; 8 की मौत

**मुंबई,2 अप्रैल।** महाराष्ट्र के जालना जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ. एक तेज रफ्तार ट्रक ने 11 महिलाओं को कुचल दिया. हादसे में 8 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा कि यह घटना उस समय घटी जब महिलाओं का एक समूह एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम पूरा करने के बाद घर लौट रहा था। हाईवे पर महिलाओं की लाशें लाइन से पड़ी थीं. इस दर्दनाक हादसे की कुछ दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं. महाराष्ट्र के जालना जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ. एक तेज रफ्तार ट्रक ने 11 महिलाओं को कुचल दिया. हादसे में 8 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं. पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम को महाराष्ट्र के जालना



जिले में नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक टेम्पो को टक्कर मार दी, जिसमें आठ महिला मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ''टेम्पो में चालक समेत कुल 11 लोग सवार थे। जैसे ही वाहन चलने वाला था, मुंबई की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कडवांची गांव में पीछे से उसे टक्कर मार दी,'' एक पुलिस अधिकारी ने बताया। उन्होंने आगे बताया कि सात महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने जालना के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था और खबरों के मुताबिक शव सड़क पर बिखरे पड़े थे। मृतकों की पहचान अलकाबाई अदमाने (45), लक्ष्मीबाई मदन (35), मीना अदमाने (45), कंचन अदमाने (50), ताराबाई चौधरी (60), कडुबाई मदन (55) और सुमन अदमाने (70) के रूप में की गई है, जो सभी जालना तहसील के निवासी हैं। आठवें मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। तीन लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा जालना के कडावंची शिवारा में हुआ. नागपुर से मुंबई की ओर जा रहा एक ट्रक समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार से गुजर रहा था. इस क्षेत्र में महिलाओं का एक समूह एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम पूरा करने के बाद घर लौट रहा था। तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे में छह महिला मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई.

## बजरंगबली की गदा कांग्रेस पर चल रही पार्टी की विचारधारा समाप्ति की ओर: नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बजरंगबली की गदा अब कांग्रेस पर चल रही है और उसका असर साफ दिखाई दे रहा है। राम मंदिर पहुंचे नेताम ने प्रदेशवासियों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भगवान राम के आतिथ्य को स्वीकार नहीं किया, उसी दिन से उसका पतन तय हो गया था। उन्होंने दावा किया कि वीर बजरंगबली की गदा कांग्रेस पर पड़ चुकी है और उसकी विचारधारा पूरी तरह समाप्त होने की ओर है। कांग्रेस को अब आत्ममंथन कर भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए। मंत्री नेताम ने भगवान से प्रार्थना की कि देश और प्रदेश से अत्याचार का अंत हो।



साथ ही उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाई को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलियों के खात्मे की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हो चुकी है। देश में राम राज्य स्थापित करने का संकल्प पूरा किया जा रहा है और यह बजरंगबली के आशीर्वाद के बिना असंभव था।

कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों पर तंज कसते हुए नेताम ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अपने ही नेताओं पर भरोसा नहीं है, इसलिए वह अपने नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के कामों की मॉनिटरिंग कर रही है। नेताम के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी तेज होने के आसार हैं।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाद संकट का दावा कर रही है। इस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, कांग्रेसियों को कांग्रेस से संकट है। देश में खाद का कोई संकट नहीं है। संकट इसलिए है क्योंकि बिचौलियों का समर्थन कांग्रेस करते आई है। सरकार बहुत सख्ती करेगी, ताकि कोई खाद का भंडारण न कर सके। कांग्रेस ने नक्सलमुक्त गांवों के लिए स्पेशल पैकेज की मांग की है। इस पर नेताम ने कहा, सब देंगे, लेकिन उनके पेट में अभी से दर्द क्यों हो रहा है. चिंता न करे हम सब ठीक करेंगे।

### ट्रंप का राष्ट्र के नाम संबोधन

## चार हफ्तों में हमारी सेना ने ईरान पर भारी जीत हासिल की

**वाशिंगटन,2 अप्रैल।** ईरान से जारी युद्ध के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया है। ट्रंप ने अपने संबोधन में होर्मुज़ स्ट्रेट, तेल सुरक्षा और सैन्य रणनीति पर बयान दिया। बीस मिनट के संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध में अमेरिका को जीत मिली है। ईरान की ड्रोन क्षमता और नेवी खत्म हो गई है। उनके वायुसेना खंडहर हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान शिपिंग के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से नहीं खोलता है, तो वह ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला करेंगे। अमेरिका को इस होर्मुज़ मार्ग से तेल की ज़रूरत नहीं है। इतना निश्चित है कि हम ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे। अगले 2-3 हफ्ते में तेज हमले करेंगे।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 06:30 देश को संबोधित किया। एक महीने से भी ज़्यादा वक्त पहले इज़रायल के साथ मिलकर हमले शुरू करने के बाद अपने पहले प्राइम-टाइम भाषण में उन्होंने ईरान में चल रहे युद्ध के बारे में ताज़ा जानकारी दी। अपने संबोधन की शुरुआत में ही ट्रंप ने जीत का दावा करते हुए कहा कि पिछले चार हफ्तों में हमारी सेना ने युद्ध के मैदान में तेज, निर्णायक और भारी जीत हासिल की है। ऐसी जीत, जैसी बहुत कम लोगों ने पहले देखी होगी। उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत को लगभग खत्म बताते हुए कहा कि आज की रात ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है। उनकी वायुसेना पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का कमांड और कंट्रोल लगातार तबाह किया जा रहा है।

## संकट का असर भारत पर नहीं पड़ने देगी सरकार : मोदी

**नई दिल्ली,2 अप्रैल।** प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में साफ संदेश दिया गया कि देश के नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए हर स्तर पर पूरी ताकत झोंक दी जाएगी। हम आपको बता दें कि ऊर्जा, कृषि, उर्वरक, उड्डयन, जहाजरानी और रसद जैसे अहम क्षेत्रों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है ताकि कहीं भी आपूर्ति श्रृंखला टूटने न पाए।

सबसे बड़ा खतरा ऊर्जा क्षेत्र में था। होरमुज मार्ग पर ईरान के नियंत्रण के कारण तेल और गैस की आपूर्ति पर गहरा संकट मंडरा रहा था। लेकिन सरकार ने तुरंत रणनीति बदली और विभिन्न देशों से गैस और एलपीजी की आपूर्ति के नए स्रोत तलाशने शुरू कर दिए। साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों को स्थिर रखना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि वैश्विक बाजार में कीमतें बेकाबू हैं। इसके अलावा, सिर्फ आपूर्ति सुनिश्चित करना ही काफी नहीं था। जमाखोरी और कालाबाजारी जैसे पुराने रोग संकट के समय और खतरनाक हो जाते हैं। इसीलिए सरकार ने सख्त निगरानी, छापेमारी और कड़े कानूनी कदमों के जरिए इन पर लगाम कस दी है। राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उर्वरकों की कालाबाजारी और डायवर्जन पर तुरंत कार्रवाई करें। खेती का मोर्चा भी उतना ही संवेदनशील है। खरीफ



और रबी दोनों मौसमों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उत्पादन बनाए रखने और विदेशों से आपूर्ति समन्वय करने के प्रयास तेज किए गए हैं। अगर यह मोर्चा कमजोर पड़ता, तो सीधे तौर पर देश की खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ जाती। इसी के साथ खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। नियंत्रण कक्ष स्थापित कर राज्यों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है ताकि जरूरी वस्तुओं की कीमतें नियंत्रण में रहें। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार केवल संकट को देख नहीं रही, बल्कि हर छोटे बड़े पहलू को पकड़कर उसे नियंत्रित कर रही है। सबसे अहम बात जो प्रधानमंत्री ने बार बार दोहराई, वह है सूचना का प्रबंधन। युद्ध के समय अफवाहें किसी बम से कम नहीं होतीं। इसीलिए जनता तक सही और समय पर जानकारी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता बनी हुई है। गलत सूचनाओं और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर भी सक्रिय कूटनीति का प्रदर्शन किया है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, फ्रांस, नीदरलैंड, मलेशिया, इजराइल और ईरान तक, लगातार संवाद के जरिए भारत ने अपने हितों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति से भी बातचीत कर उन्होंने इस संकट पर व्यापक दृष्टिकोण साझा किया।

यह स्पष्ट है कि यह युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों तक सीमित नहीं है। यह आर्थिक, ऊर्जा और आपूर्ति तंत्र का युद्ध भी है। लेकिन भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ में फर्जी सीबीएसई स्कूल

## सांसद ज्योत्सना महंत ने लोकसभा में उठाई आवाज

**नई दिल्ली,2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में प्राइवेट स्कूलों के कथित माफिया राज पर आज संसद में बड़ा खुलासा हुआ। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने लोकसभा के प्रश्नकाल के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में बड़े पैमाने पर चल रहे फर्जी सीबीएसई स्कूलों का मुद्दा उठाया।

सांसद महंत ने सदन में कहा कि छत्तीसगढ़ में कई ऐसे स्कूल संचालित हो रहे हैं जो खुद को सीबीएसई से संबद्ध बताते हैं, लेकिन वास्तविकता में उनकी मान्यता संदिग्ध है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब और मध्यमवर्गीय अभिभावकों से भारी-भरकम फीस वसूली जा रही है, जबकि छात्रों को सरकार द्वारा निर्धारित निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को शिक्षा के नाम पर संगठित शोषण बताते हुए सरकार से तत्काल उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। सांसद ने स्पष्ट कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह एक बड़ा शिक्षा घोटाला बन सकता है। सांसद महंत ने यह भी उल्लेख किया कि प्रदेश के कई अभिभावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लगातार इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन उनकी आवाज को अनदेखा किया गया।



ऐसे में उन्होंने संसद के माध्यम से इस गंभीर समस्या को राष्ट्रीय स्तर पर उठाकर लाखों छात्रों और उनके परिवारों की पीड़ा को सामने लाने का प्रयास किया है। यह मुद्दा उठते ही अब छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

## एक नजर

### आनलाइन सट्टा,4 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 2 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई जामुल में किराए के मकान में पूरे सेटअप के साथ करोड़ों के आनलाइन सट्टा मामले में पुलिस ने 9 दिनों बाद ऑनलाइन सट्टा संचालन में सहयोग तथा आईडी उपलब्ध कराने, लेन-देन प्रबंधन एवं तकनीकी सहायता प्रदान करने वाले भिलाई से तीन और रायपुर से एक आरोपी को दबोचा है पुलिस आरोपियों से 6 मोबाइल एवं 65 हजार रुपए नगद जब्त किया है पुलिस इस मामले में और भी आरोपियों की तलाश में है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि 22 मार्च को जामुल क्षेत्र अंतर्गत नालंदा स्कूल के पीछे सुंदर विहार कॉलोनी फेस-2 स्थित एक किराए के मकान में संगठित ऑनलाइन सट्टा गिरोह के संचालन पर दबिश दी, जहां आरोपियों ने ड्रैगन टाइगर, अंदर-बाहर, तीन पत्ती, टेनिस, फुटबॉल एवं रूलेट जैसे खेलों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था ग्राहकों को इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप के माध्यम से जोड़कर आईडी उपलब्ध कराई जाती थी तथा मोबाइल एवं लैपटॉप के माध्यम से सट्टा खिलाया जाता था। गिरोह ने विभिन्न सिम कार्ड एवं म्यूल बैंक खातों के माध्यम से अवैध लेन-देन को छिपाने का प्रयास किया जाता था। मामले में 7 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई थी। इस प्रकरण में विवेचना के दौरान तकनीकी विश्लेषण एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अन्य संलिप्त आरोपियों की पहचान की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी परमेश गेडाम (26 साल) निवासी कैम्प 01 आदर्श मार्केट, शिवा वैष्णव उर्फ समीर (35 साल) निवासी सरोना, रायपुर, मोहम्मद असलम (34 साल) निवासी सेक्टर 02 व सत्यपाल पासवान (25 साल) निवासी कैम्प 01 शांति पारा को गिरफ्तार किया गया। जांच में पाया कि आरोपियों ने ऑनलाइन सट्टा संचालन में सहयोग करते हुए आईडी उपलब्ध कराने, लेन-देन प्रबंधन एवं तकनीकी सहायता प्रदान करने का कार्य कर रहे थे।

### गांजा तस्करी,पति-पत्नी गिरफ्तार



**भिलाई, 2 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई गांजा तस्करी मामले में छावनी थाने पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इन के कब्जे से 3 किलो 472 ग्राम गांजा एवं नगदी 1660 रुपये जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 1 लाख 73 हजार 600 रुपए आंकी गई है पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुण्ठ धाम, दशहरा मैदान मंच के पास कैम्प 02 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री किए जाने की सूचना मिली सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर छापा मारा इस कार्रवाई के दौरान एक पुरुष एवं एक महिला को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम एस बोस एवं एस शीतल निवासी कैम्प 01 बताया। एएसपी श्री चन्द्रा ने बताया कि दोनों पति-पत्नी हैं। इनके कब्जे से एक काले रंग के बैग में रखे प्लास्टिक पैकेट में कुल 03 किलो 472 ग्राम गांजा तथा नगदी 1660 रुपये बरामद किया गया मामले में धारा 20 (बी) एनडीपीएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

### लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 2 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले आरोपी को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार हथियार जब्त किया है छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सी-मार्ट के पास लोहे का धारदार हथियार लेकर राहगीरों को डराते हुए लहरा रहा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमन गिल (26 साल) निवासी प्रगति नगर, केम्प 01, बसंत टॉकीज के पीछे बताया। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार तलवारनुमा हथियार बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है ।



### निवेश के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 2 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई फर्जी निवेश कंपनी बनाकर लोगों को रकम दोगुनी करने का लालच देने वाले गिरोह के एक आरोपी को वैशाली नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 38.25 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी जयदीप सिंह कंडा (35 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 26 संतराबाड़ी दुर्ग, ने थाना वैशाली नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी धर्मेन्द्र कुमार बंजारे एवं उसके साथियों ने फर्जी कंपनी बनाकर महज तीन महीने में रकम दोगुनी करने का प्रलोभन दिया और अलग-अलग किश्तों में कुल 38,25,000 रुपये निवेश करा लिए रकम लेने के बाद आरोपियों ने न तो निवेश की कोई वैध जानकारी दी और न ही पैसा वापस किया, जिससे ठगी का मामला सामने आया। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) एवं 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी की पतासाजी करते हुए उसे रायपुर के सड्डू क्षेत्र से हिरासत में लिया पूछताछ में आरोपी धर्मेन्द्र कुमार बंजारे ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में भेजा गया है वहीं पुलिस अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।



# मनरेगा में सर्वाधिक परिवारों को रोजगार देने के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में अव्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,2 अप्रैल।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर कई उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले ने ग्रामीणों को सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार देने, सर्वाधिक परिवारों को रोजगार, सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देने सहित अनेको पैरामीटर पर कई उपलब्धियां अपने नाम की। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा लगातार विभागीय समीक्षाओं के दौरान शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने प्रोत्साहित किया जाता रहा है। और आज इसी का परिणाम है कि कबीरधाम जिले ने मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में एक बार फिर अपना नाम प्रथम पंक्ति में स्थापित किया है।



**लगातार प्रयास के मिले सुखद नतीजे** -कलेक्टर गोपाल वर्मा इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए निरंतर समीक्षा की गई। हमारे द्वारा ग्राम पंचायतो की मांग पर बहुत से निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए और कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक बड़ी मात्रा में निर्माण कार्य चल रहे हैं। समय पर मजदूरी भुगतान हो सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में ग्रामीणों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोजगार उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11466 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार मिला है और वे आर्थिक रूप से लाभान्वित हुए है।

**रोजगार के साथ आजीविका को बढ़ाना प्रमुख उद्देश्यः सीईओ अभिषेक अग्रवाल**-सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने बताया की ग्रामीणों के मांग पर रोजगार उपलब्ध कराना, समय पर निर्माण कार्य की स्वीकृति एवं सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो इन बातों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

इसीलिए जिले के सभी क्षेत्रों में ग्रामीणों को पर्याप्त रोजगार मिला और हम प्रदेश में बेहतर कर पाए। आजीविका डबरी, नया तालाब निर्माण, कच्ची नाली निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण जैसे अनेक जल संरक्षण के कार्यों के साथ आजीविका के लिए कुकुट पालन शेड, पशुपालन शेड जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। मार्च माह के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ हुए नए कार्यों से जिले की उपलब्धि और बढ़ेगी तथा हमारे ग्रामीणों को और अधिक लाभ होना अपेक्षित है।

## कबीरधाम जिले को स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण के लिए मिली 7 नई एम्बुलेंस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,2 अप्रैल।** कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में एक और नया अध्याय जुड़ा है। 108 सेवाओं के तहत चलने वाली 07 नयी एम्बुलेंस जिले को मिली हैं। इन एंबुलेंस को कलेक्ट्रेट परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 07 एंबुलेंस में से 02 एएलएस और 05 बीएलएस एम्बुलेंस में से 01 एएलएस एम्बुलेंस कवर्धा जिला मुख्यालय और 01 चिल्पी में तैनात होंगें। वहीं 05 बीएलएस एंबुलेंस पंडरिया, सहसपुर लोहारा, रेंगाखार, कुकदूर और बोड़ला में सेवाएं देंगी।जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने इस अवसर पर कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के निरंतर विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व व उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण, जिला अस्पताल में सीटी स्कैन, सोनोग्राफी के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में अब राज्य शासन द्वारा जिले को 07 नयी एम्बुलेंस मिली है। जो दूरस्थ अंचलों से जरूरतमंद व गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अस्पतालों तक परिवहन में सहायक होंगी।नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि जिले को मिले एम्बुलेंस मरीजों के परिवहन के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों और सुविधाओं से युक्त हैं। इससे ग्रामीण और दूर दराज के ऐसे मरीज जिन्हें अस्पताल तक आने में कठिनाई है अथवा दुर्घटना इत्यादि के समय फौरन चिकित्सीय सहायता की जरूरत होती है उनके लिए बड़ी सहायक होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है।कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि 07 नए एम्बुलेंस का वितरण इस प्रकार किया गया है, जिससे शहरी के साथ साथ दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इसका लाभ मिले। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बच्चों के आईसीयू युक्त नियो नेटल एंबुलेंस संभाग मुख्यालयों में प्रदान किया गया है, जो बच्चों के लिए चलता फिरता आईसीयू है। दुर्ग में प्रदान किए गए इस एंबुलेंस का लाभ कबीरधाम जिले में भी लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंस से आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सीय सहायता मुहैय्या कराना आसान होगा।



## धनोरा में हनुमान प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा के साथ होंगे विविध कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,2 अप्रैल ।** बाबा दरबार पापावनवन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस वर्ष भी बढ़े धुम धाम से हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जाएगा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि दोपहर 3 बजे से महावीर उद्यान में खिचड़ी हलुआ प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं 4 बजे शाम से आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा गली भ्रमण बाजे गाजे के साथ दरबार में पहले पुजा पाठ करके फिर शोभायात्रा शुरू किया जाएगा जो कि बजरंग पारा बजार चौक मेन गली शितला पारा कर्मा मंदिर बमल ई पारा से गोल्डन चौक होते महावीर उद्यान पहुंच कर वहां पर विराजे गदाधारी हनुमान जी के सभी भक्तों द्वारा पुजा पाठ किया जाएगा फिर रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच पार्टी धुर्रे बंजारी वाले का कार्यक्रम संपन्न होगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे गे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी विनोद साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल साहू ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू उमेश साहू सुंदर सपरे चंन्द्र कांत देवांगन एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन मारियल साहू वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व सुनील पेटर दिनेश यादव योगेश साहू भोलू खिलेशवर साहू ओमकार साहू टीकम गुमान साहू कुणाल साहू श्रीमती बबिता साहू ललिता यादव सुनीता साहू मितानिन कौशिलया सेन रुखमणि साहू पार्वती मंडलिन प्रभा साहू देवश्री अंजु देवांगन संगीता सपरे उपसरपंच टिकेशवरी साहू लक्ष्मी साहू हितेश पटेल नीरा साहू मुंगा सपरे गीता देवांगन मंजू साहू पुष्पा देवांगन दुर्गा साहू ललिता यादव कु पुजा साहू कु वेदू साहू कु सुरुचि छोटी कु डिंपल साहू कु बबली साहू कु नेहा साहू कु विननी साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे गे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी



### बकाया राजस्व कर वसूली में भिलाई निगम का बेहतर प्रदर्शन

**भिलाई, 2 अप्रैल।** नगर निगम भिलाई द्वारा वित्तीय संसाधनों को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। निगम प्रशासन ने डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाकर बकायेदारों को कर भुगतान के लिए प्रेरित किया, जिसके फलस्वरूप बकाया करों की सफल वसूली की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निगम ने संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा कर, जुर्माना, शास्ति शुल्क, विवरण शुल्क, अंतर राशि, यूजर चार्ज, जलकर, भू-भाटक एवं दुकान किराया आदि मदों में कुल 104 करोड़ 77 लाख 92 हजार रुपए की वसूली की है। यह उपलब्धि निगम के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## जैन संघ ने धूमधाम से मनाया भगवान महावीर जन्म महोत्सव




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,2 अप्रैल।** जैन श्री संघ द्वारा भगवान भगवान महावीर जन्म महोत्सव अत्यंत भव्य और श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया गया। नगर में दिनभर धार्मिक और सामाजिक आयोजनों की धूम रही, जिससे वातावरण पूर्णतः महावीरमय हो गया। शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई, जिसमें महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात सभी परिवारों ने सामूहिक रूप से महामंत्र नवकार का जाप किया। जाप के उपरांत भक्ति गीतों और भजनों के साथ भव्य जुलूस निकाला गया, जो कॉलेज कॉलोनी से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, बाजार चौक, पाटन पुल, सद्भावना चौक, थाना चौक होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर समाप्त हुआ। आयोजन में नन्हे-मुन्ने बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी विशेष आकर्षण रही। महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। संघ द्वारा नगर के मुख्य बाजार चौक पर शर्बत वितरण किया गया। रात्रि में जीव दया कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के सदस्यों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गौमाता को रोटी खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया।



### निगम ने हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र से हटाए अवैध कब्जे

**भिलाई, 2 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत गुरुवार को वार्ड क्रमांक 24 स्थित हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाते हुए एक चाय ठेला सहित अन्य अस्थायी संरचनाओं को जब्त किया। निगम प्रशासन के अनुसार, संबंधित स्थान पर मुख्य मार्ग और सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से व्यवसाय संचालित किया जा रहा था, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। पूर्व में कई बार चेतावनी देने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर यह सख्त कदम उठाया गया। कार्रवाई उड़नदस्ता प्रभारी विनय शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी तथा हरिओम गुप्ता के नेतृत्व में जोन टीम और राजस्व कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाते हुए मार्ग को साफ कराया।

## विधायक रिकेश ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की फ्लाईओवर व टोल प्लाजा हटाने की मांग



**भिलाई, 2 अप्रैल।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख यातायात समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण मांगें रखीं। विधायक सेन ने रायपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सुपेला थाना से नेहरू नगर तथा नेहरू नगर से बाईपास तक दो फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव सौंपा। उन्होंने कहा कि इन फ्लाईओवरों के निर्माण से भिलाई क्षेत्र में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और आवागमन तेज व सुरक्षित होगा। इसके साथ ही उन्होंने कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद कराने की मांग भी उठाई। विधायक ने मंत्री को अवगत कराया कि टोल प्लाजा के कारण स्थानीय नागरिकों और नियमित यात्रियों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### निगम में सेवानिवृत्त 8 कर्मचारियों को दी गई विदाई



**भिलाई, 2 अप्रैल।** नगर निगम में बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त होने वाले 8 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके दीर्घ सेवाकाल और योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार उपायुक्त डी के कोसरिया सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यों को याद करते हुए उनके उज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भावुक माहौल भी देखने को मिला, जहां सहकर्मियों ने अपने अनुभव साझा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में मुख्य अभियंता भागीरथ वर्मा, सहायक ग्रेड-02 उत्तम कुमार साहू, कारपेंटर अनुरुद्ध सिंह यादव, सहायक मिस्त्री जंगली, सफाई कर्मी जी चिनैया, जोहरिक राम, गरीबा राम देवांगन एवं बेदलाल टंडन शामिल हैं।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण से ही निगम की कार्यप्रणाली सुदृढ़ होती है।

### नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में निदेशक प्रभारी ने दिया नए रिकॉर्ड बनाने का मंत्र

**भिलाई, 2 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में नव वित्तीय वर्ष 2026-27 के आगमन पर शीर्ष प्रबंधन ने पूरे संयंत्र का व्यापक भ्रमण कर कर्मचारियों को नई ऊर्जा और लक्ष्य दिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद यह दौरा कर्मचारियों के मनोबल को और ऊंचा करने वाला साबित हुआ। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने इस अवसर पर कहा कि प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर प्रदर्शन और निरंतर सुधार ही सफलता की कुंजी है। दौरे की शुरुआत इस्पात भवन से हुई, जिसके बाद उन्होंने यूनिवर्सल रेल मिल, रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल, बार एवं रॉड मिल, मर्चेंट एवं वायर रॉड मिल, सिंटर प्लांट, कोक ओवन, स्टील मेल्टिंग शॉप, प्लेट मिल, ब्लास्ट फर्नेस सहित विभिन्न उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधा संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। निदेशक प्रभारी ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए दुर्घटना-मुक्त कार्य संस्कृति पर विशेष जोर दिया ।

## समाचार संक्षेप

### नगर से सम्बंधित कोई भी समस्या व सुझाव को नागरिक अब डाल सकते हैं पेटी में




**उतई,2 अप्रैल (तछसं.)।** नगर पंचायत पाटन के कार्यालय में अब नगर के कोई भी आम नागरिक अपनी शिकायत व सुझाव पेटी में डाल सकते है जो भी शिकायत समस्या व सुझाव रहेगा उसे अध्यक्ष योगेश निक्की भाले स्वयं देखेंगे व उसका तत्काल निराकरण करेंगे इस दौरान अध्यक्ष ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि नगर से मूलभूत समस्या, शिकायत व सुझाव होगा उसे पेटी में डालेंगे शिकायत व सुझाव पेटी सप्ताह में 1 दिन खोल कर उसका निराकरण किया जाएगा !इस दौरान उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, सभापति जितेन्द्र निर्मलकर, सभापति देवेन्द्र ठाकुर, सीएमओ हेमंत वर्मा, उप अभियंता प्रवीण साहू, बाबा वर्मा, चिरंजीव देवांगन सहित कार्यालयीन कर्मचारी मौजूद रहे।

### संचेती फाउंडेशन ने स्कूल को दी खेल सामग्री



**उतई,2 अप्रैल (तछसं.)।** शासकीय माध्यमिक स्कूल चुनकट्टा में संचेती फाउंडेशन एवम एस एम एस लिमिटेड की ओर से स्पोर्ट्स के समान भेंट की गई जिसमें एम्पलीफायर सेट ,माइक सेट और केबल सेट 4 नग,स्पीकर 4 सेट ,पन्द्रह बाय पन्द्रह की टेंट सेट दी गई जिससे बच्चो को खेल प्रतियोगिता का आयोजन औऱ खेल खेलने में आसानी हो लस्कूली बच्चे खेल के समान पाकर खुशी महसूस कर रहे थे। स्कूल के प्रिंसिपल धुन भारती ,सोनू राय, नरसिंग साहू,राजू राजपूत,राधे लाल सोनवानी,पुष्पा मारकंडे ने संचेती फाउंडेशन एवम एस एम एस लिमिटेड के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर ड़ी विश्वनाथन प्रोजेक्ट हेड,आसिफ मुजावर एच आर मैनेजर ,नागेंद्र शर्मा एच आर, आदि उपस्थित रहे।

### नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम पर कलाकारों ने जताई खुशी



**भिलाई, 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बढ़ते प्रयासों को लेकर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने शांति के प्रतीक भगवान बुद्ध की एक आकर्षक प्रतिमा बनाकर अपनी खुशी जाहिर की। ललित कला अकादमी से जुड़े प्रख्यात कलाकारों डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, रोहिणी पाटणकर, रंगकर्मी विजय शर्मा, तरुण धोटे, मूर्तिकार मोहन बराल, समाजसेवी प्रवीण कालमेघ, साहित्यकार मेनका वर्मा, मीना देवांगन, गुंजन शर्मा एवं अभिषेक सपन ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। कलाकारों ने बताया कि ललित कला समूह छत्तीसगढ़ पिछले लगभग 36 वर्षों से बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा छोड़ो, कला से नाता जोड़ो अभियान चला रहा है।

### गर्मी में पानी की बर्बादी पर सख्ती बिजली आपूर्ति रहेगी सुचारु

**भिलाई, 2 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने ग्रीष्मकाल के मद्देनजर टाउनशिप के निवासियों से जल के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है। साथ ही विभाग ने भरोसा दिलाया है कि बढ़ती मांग के बावजूद विद्युत आपूर्ति में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया कि टाउनशिप में जलापूर्ति पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार की जाती है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से पानी मिल सके। हालांकि, कुछ उपभोक्ताओं द्वारा जलापूर्ति के दौरान विद्युत मोटर एवं पंप के माध्यम से अत्यधिक जल दोहन किया जा रहा है, जिससे अन्य निवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार का अनधिकृत उपयोग न केवल जल वितरण व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि विद्युत प्रणाली पर भी अतिरिक्त दबाव डालता है। बार-बार एचटी और एलटी ब्रेकर संचालन से ट्रांसफार्मर और अन्य विद्युत संरचनाओं को नुकसान पहुंचता है, जिससे मरम्मत कार्य बढ़ते हैं और सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है। विभाग ने चेतावनी दी है कि विद्युत पंपों के अनधिकृत उपयोग की शिकायत मिलने पर संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ की बैठक में 14 मुद्दों पर विचार

**भिलाई, 2 अप्रैल।** भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ की कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक राउरकेला के सेक्टर-4 स्थित विश्वकर्मा भवन में संपन्न हुई। बैठक में 14 प्रमुख एजेंडा बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिनमें श्रमिकों के हित, वेतन संरचना, कार्यस्थल की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा चिकित्सा सुविधाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इस दौरान इस्पात उद्योग प्रभारी एम. जगदीश्वर राव, सह प्रभारी हिमांशु शेखर बल एवं पूर्व प्रभारी देवेंद्र कुमार पांडे सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। भिलाई से आए प्रतिनिधियों अमित कुमार सिंह, सुदीप कुमार सेनगुप्ता एवं अनिल कुमार सिंह ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

# सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता प्रमाणपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 2 अप्रैल।** भारत सरकार द्वारा लागू एक गुणवत्ता मानक है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं का मूल्यांकन मरीजों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, दवाओं की उपलब्धता, स्टॉफ दक्षता तथा मरीज संतुष्टि जैसे प्रमुख मानको पर किया जाता है।

सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा NQAS, (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) में भाग लिया गया था। जिसका उददेश्य मरीजो को बेहतर एवं विश्वसनीय इलाज प्रदान करना और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में जनता का विश्वास बढ़ाना है। जिसके अंतर्गत सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा ने 08 विभागों में क्रमशः Emergency & Truma Department, Au&iliary, General Adminstration, IPD, Laboratory, Labour Room, OPD, Pharmacy में भाग लिया। जिसका आंतरिक मूल्यांकन दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2026 तथा पुनः आंतरिक मूल्यांकन 27 एवं 28 फरवरी 2026 को भारत सरकार द्वारा किया गया। जिसमें सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा को 87 प्रतिशत् अंको के साथ NQAS, (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) का प्रमाण पत्र दिया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत 06 सामु.स्वा.केन्द्रों में सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा हृह्रस्न (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला जिले का प्रथम सामु.स्वा.केन्द्र है। सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा में इन सभी मानको को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधार किए गये है। अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था, रिकार्ड संधारण, दवा वितरण प्रणाली, लेबर रूम एवं ओ.पी.डी सेवाओं को बेहत बनाया गया है। साथ ही मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मागदर्शन एंव समस्त स्टाफके सहयोग से यह तैयारी सम्भव हो पायी है। हृह्रस्न सर्टिफिक्रेशन प्राप्त होने से न केवल अस्पताल के गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाए भी प्राप्त होगी।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस उपलिब्ध की तैयारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा डॉ.राजेश कुमार अवस्थी के सतत् मार्गदर्शन एवं निगरानी में सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा माह अगस्त 2024 से किया जा रहा था। जिसा मूल्यांकन जनवरी एवं फरवरी 2026 में किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा अस्पताल में स्वच्छता बनाये रखना एवं भारत सरकार द्वारा दिये गये मांपदण्डों के अनुसार मरीजों को गुणवत्तायुक्त उपचार प्रदान किया जाना है।

उक्त तैयारी हेतु जिला स्तरीय टीम के द्वारा लगातार निगरानी एंव मार्गदर्शन मिला जिसमें विशेष रूप से जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि शर्मा, अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा क्वालिटी टीम हर्षलता जायसवाल, पारस साहू, गौतम साहू, विकासखण्ड सिमगा के नोडल अधिकारी डिगेश्वर वर्मा, डॉ शिल्प वर्मा इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पारसनाथ पटेल द्वारा बताया गया कि उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करना सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सिमगा क्षेत्र के लिए बहुत हर्ष का विषय है एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा इस गुणवत्ता को बनाये रखने एवं इसमें सुधार हेतु लगातार प्रयास किया जाता रहेगा एवं उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर डॉ.पारसनाथ पटेल द्वारा अपने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी गयी।

## एक नजर

### पंचायत बूथ कमेटी गठन के लिए कांग्रेस की बैठक आयोजित



**सिमगा, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के द्वारा कांग्रेस सृजन अभियान के तहत पंचायत बूथ कमेटी गठन हेतु जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक प्रभारी उमा अनंत के आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई। बैठक मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुबेर यदु, विवेक अग्रवाल, भागवत सोनकर, अभिनव यदु, चंदू साहू, डॉ कृष्ण कुमार नायक, दीनबंधु शर्मा, मो अय्यूब, मोहन गायकवाड़, विष्णु कोसले, कुंजराम साहू, देवेंद्र जैन, गोलू साहू, मांधाता साहू, अशोक देवांगन, हीरालाल साहू, भिखारी गहरे, श्याम देवांगन, शेष साहू, कान्हा यदु, अजीत भट्ट, हेमलाल साहू, लोमघृतलहरे, मो याकूब, परदेशी सोनकर, कोमल टंडन, यश शर्मा, विक्कीमानिकपुरी, विक्की पांडे, गुड्डू जैन, कृष्ण कुंजाम, हितेश साहू, लक्की लहरे, दाऊ यदु, मोहन यदु, झाड़ू साहू, लल्लू पाटकर, धनसिंघ साहू, दिनेश साहू, एवं भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### संपत्तिकर का भुगतान 30 अप्रैल तक कर छूट का लाभ लें करदाता:आयुक्त

**राजनांदगांव, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च तक करो का भुगतान करने पर किसी प्रकार का अधिभार नहीं लिया जाता है। आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दिनांक 30 मार्च 2026 को आदेश जारी कर इस माह की विशेष छुट के तहत 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छुट प्रदान की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगरीय निकायों को देय संपत्तिकर की अधिकतम वसूली एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर विशेष छुट प्रदान करने के निर्देश प्राप्त हुये है। निर्देश में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियो एवं मान. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में एनीमल बर्थ कंट्रोल रूल के क्रियान्वयन आदि कार्यो में निकायो के अधिकारी व कर्मचारी भी संलग्न रहे।

### निधन

### बरातू राम सोनकलिहारी

**राजनांदगांव, 2 अप्रैल।** महेंद्र नगर लाल बाग कलेक्टर कार्यालय से सेवानिवृत्त निर्वाचन



पर्यवेक्षक बरातू राम सोनकलिहारी का बुधवार को निधन हो गया। गुरुवार को सुबह 10 बजे निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। लखोली-मठपारा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पुत्र पूर्व प्रभारी प्राचार्य मनोज सोनकलिहारी व तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड गए हैं। स्व. बरातू अआयकर सलाहकार कमलकिशोर साहू के चचेरे बड़े भैया थे।

## ~~जिला अस्पताल,सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में~~

# स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ व आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे 10 नए 108 संजीवनी एक्सप्रेस : रमन सिंह

■ जिले को मिली 13 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 2 अप्रैल।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इसके साथ ही जिले को 3 और नई एम्बुलेंस की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस प्रकार कुल 13 अत्याधुनिक एम्बुलेंस जिले में सेवाएं देने के लिए उपलब्ध हो गई हैं, जिन्हें जीवीके ईएमआरआई संस्थान द्वारा संचालित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि जिले को नई संजीवनी एक्सप्रेस मिलने से स्वास्थ्य सुविधाओं को नई गति और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ और आगे बढ़ाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज नक्सल समस्या से बाहर निकलकर स्थायी शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या से मुक्त करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा का योगदान ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले को मिली 10 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस में 8 बेसिक लाइफसपोर्ट और 2 एडवांस लाइफसपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं, साथ ही 3 नई एम्बुलेंस की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। जिला अस्पताल के लिए 4, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 5 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 1 एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि नई एम्बुलेंस में लोकेशन बेस्ड सर्विस और मोबाइल डेटा टर्मिनल प्रणाली जोड़ी गई है, जिससे एम्बुलेंस की लाइव लोकेशन, रिस्पॉन्स टाइम और मरीज तक पहुंच का वास्तविक समय में मॉनिटरिंग की जा सकेगी। एएलएस एम्बुलेंसों में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर, नेबुलाइजर, ऑक्सीजन और सभी आवश्यक जीवनरक्षक उपकरण मौजूद हैं। 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा का रिस्पॉन्स टाइम शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट तय किया गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं, आपात प्रसूति, सीजेरियन और अन्य आपात स्थितियों में त्वरित सहायता मिल सकेगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस योजना को वर्ष 2011 में शुरू की गई। 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा ने अब तक जिले में 1 लाख 26 हजार 990 लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया है, वहीं पिछले वर्ष 8 हजार 463 महिलाओं ने इस सेवा से लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हजारों जीवन बचाने वाली यह सेवा अब और अधिक सक्षम स्वरूप में जनता के लिए उपलब्ध है।

सांसद संतोष पाण्डेय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का नक्सल मुक्त होना पूरे देश के लिए गर्व की बात है और यह मजबूत नेतृत्व की देन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले को 13 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस की बड़ी सौगात दी है। सांसद पाण्डेय ने कहा कि 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा विशेष रूप से दूरस्थ, पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन रक्षक भूमिका निभाती रही है और नई एम्बुलेंस स्वास्थ्य सुरक्षा को और भी मजबूत बनाएंगी। महापौर मधुसूदन यादव ने जिले में 13 नई एम्बुलेंस की शुरूआत पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संजीवनी एक्सप्रेस ने अब तक लाखों लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई एम्बुलेंस उन्नत उपकरणों और जीपीएस तकनीक से लैस हैं, जिनसे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित आपातकालीन सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम को समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, आयुक्त नगर पालिक निगम अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डॉक्टर एव गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने पर ग्राम गठुला के दो होटलों पर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 2 अप्रैल।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला स्थित होटल एवं ढाबों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा नागरिकों को रियायती दर पर प्रदाय किए जाने वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग दो होटलों में व्यावसायिक भोजन पकाने के लिए किया जा रहा था। साथ ही मौके पर व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडरों का भी अवैध भंडारण पाया गया। जिसके संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या बीजक प्रस्तुत नहीं किए जा सके। कार्रवाई करते हुए दोनों प्रतिष्ठानों से कुल 7 गैस सिलेंडर जप्त किए गए है। जिसमें 3 नग घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) एवं 4 नग व्यावसायिक गैस सिलेंडर (19 किलोग्राम) शामिल है।

खाद्य विभाग द्वारा इन दोनों होटलों के विरूद्ध द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। जिले के अन्य क्षेत्रों, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ढाबों और शहरी क्षेत्रों के भोजनालयों में यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फर्म के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और जप्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

## फर्जी मैरिज ब्यूरो बनाकर ठगी करने वाले संचालक और डायरेक्टर गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 2 अप्रैल।** अज्ञात सूत्रों से पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत सृष्टि कॉलोनी, राजनांदगांव में लव लाईफ रिश्ते मैरिज ब्यूरो के नाम से कार्यालय संचालित कर युवकों से ठगी की जा रही है।

प्रारंभिक जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर व नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन द्वारा की गई। जांच में अपराध पाए जाने पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 135/2026 धारा 318(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू द्वारा टीम के साथ कार्यवाही करते हुए मौके से 07 एंड्रॉइड मोबाइल, 14 की-पैड मोबाइल जप्त किए गए। मोबाइल की जांच में कुल 2286 युवतियों के फोटो डाउनलोड पाए गए, जिनसे फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवकों को भेजा जाता था।

आरोपियों से पूछताछ में यह भी पाया गया कि रजिस्ट्रेशन, पैकेज एवं मीटिंग के नाम पर युवकों से 30 से 40 हजार रुपये तक की राशि ली जाती थी तथा बाद में किसी कारण का बहाना बनाकर संपर्क बंद कर दिया जाता था।

इस प्रकार आरोपियों द्वारा सामूहिक रूप से ठगी करना पाए जाने पर उनके विरुद्ध धारा 318(4), 61(2), 112(2), 319, 336(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66-ष्ठ आईटी एक्ट के तहत अपराध पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## पानी की समस्या लेकर नपा पहुंचे ग्रामीण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 2 अप्रैल।** वार्ड न. 07 के चूचरूंगपुर वार्ड-वाशी पिछले दो महीने से जल संकट से जूझ रहे है। वाटर -फिल्टर पानी से पर्याप्त पूर्ती नहीं हो पा रहा है, जिसका कारण ग्राम पंचायत चूचूटिया से अवैध कनेक्शन होने के कारण वार्ड तक कम मात्रा में पहुंच पाता है। वार्ड मे दो बोर है। जिससे बोर में पाइप ज्यादा न डालने के कारण एक ही बोर पर निर्भर है, वह बोर का लेबल डाऊन हो चुका है चूंकि वार्ड में बोर का 3 पइंट होने के बावजूद एक ही बोर से गुजारा कर रहे हैं अतः आप से निवेदन है कि नये बोर पइंट में नया मोटर डालें पिने का पानी सुचारू रूप से व्यवस्थित करने की कृपा करें।

सीएमओ ने आश्वासन दिया की आज ही सामने जाकर जो आप लोग बोल रहे है उनको देखते हुवे निराकरण किया जाएगा जिसमें सीएमओ सर इंजीनियर मेम निरीक्षण करने गांव पहुंचे जब सीएमओ ने ग्रामीण महिलाओं की बात सुना तो बोले कि अभी मैं टैंकर से पानी व्यवस्था कर दूं क्या तो ग्रामीण की महिलाएं बोले कि सर अभी बोर में पानी है पाइप की कमी के करण मशीन पानी नहीं खींच पा रही है जल्द से जल्द बोर की समस्या को बनाना चाहिए जिसमें महिलाएं बोली पार्षद कुछ ध्यान नहीं दे रहा है तीन बार आवेदन देते हो गया, फिर ग्रामीणों की महिलाएं बोली नगर पालिका अध्यक्ष ने हमारे सहायता किया और उनके पुत्र करण भाटिया भी ने आकर पानी की समस्याओं का हल किया था आज जिसमें करण भाटिया ने बोला सीएमओ सर को जो बार बार पानी की समस्या आ रही है तो अभी 300 से 3:30 सौ फीट और आगे खनन कर पाइप डालनी चाहिए जिसमें ग्रामीण के लोगों ने बोला है कि पानी बहुत है जिसमें पाइप कमी के कारण ऊपर मशीन खींच नहीं पा रहा है तो उसमें नया मशीन लगाना चाहिए इसी दौरान ग्रामीण से अजीत भट्ट ने कहा साईं मंदिर के पास बोर में 1, एचपी है उसे 3 एचपी वाले मशीन डाला जाए जिसमें सभी ग्रामीणों के लोगों का समस्या हल हो सके।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा का मन मंदिर चौक में जोरदार स्वागत

राजनांदगांव, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का हिंदू जागरण मंच द्वारा मन मंदिर चौक में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की थीं। जैसे ही शोभायात्रा मन मंदिर चौक पहुंची, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान श्रीराम की झांकी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंच की महिला इकाई की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर फूलों से स्वागत किया और भक्ति गीतों के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट की। महिला कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा का स्वागत करते हुए सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने में भी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : अब तक 9078 आवेदन, 2033 घरों में सौर प्रणाली की स्थापना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 2 अप्रैल।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों ने इस योजना को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाकर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशों एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में माह अक्टूबर 2025 से ही इस योजना ने तीव्र गति पकड़ी। प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग, नियमित समीक्षा और फील्ड स्तर पर किए गए प्रयासों ने इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया। जिले में अब तक कुल 9078 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4405 लाभार्थियों ने वेंडर चयन कर लिया है, जबकि 2033 घरों में सौर प्रणाली की स्थापना पूर्ण हो चुकी है। इनमें से 1443 लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान भी किया जा चुका है, जिससे उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक राहत मिल रही है। योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रतिदिन औसतन 25-30 आवेदन प्राप्त हुए और 20 इंस्टॉलेशन किए गए। पिछले माह में 664 नए आवेदन और 449 इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए, जो जिले में बढ़ती जागरूकता और जनभागीदारी का प्रमाण है।

## साय सरकार की मोर मकान-मोर आस योजना के तहत

# वर्षों से किराए में निवासरत 21 परिवारों को मिला आवास

■ मोर मकान मोर आस के तहत अब तक 257 परिवारों को मिला स्वयं का आवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 अप्रैल।** देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज 1 अप्रैल 2026 को नगर निगम सभागृह में अपर कलेक्टर सी.एल.मार्कंडे, निगम आयुक्त विश्वकर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा व आलोक श्रोती, प्र.सहायक अभियंता व सहायक नोडल अधिकारी सुश्री सुषमा साहू, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 21 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। जिसमें मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 15, रेवाडीह में निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 6, इस प्रकार कुल 21 आवेदको के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ। पूर्व में 236 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।

आबंटन अवसर पर आयुक्त विश्वकर्मा ने आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियो को बधाई देते हुए कहा कि आज शासन की आवास योजना का लाभ लेकर 21 परिवार किराये के घर से मुक्त होगे। शासन के इस योजना से वर्षो से किराये के मकान में निवास करने वाले परिवारो का स्वयं के आवास का सपना सकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 15 दिन के कार्य दिवस में प्रावधिक आवास आबंटन पत्र दिया जायेगा। साथ ही पात्र हितग्राही जो इस लाटरी में शामिल नहीं हो पाये उन्हें राशि जमा उपरांत पुनः लाटरी कर आवास का आबंटन किया जायेगा। अपर कलेक्टर मारकंडे ने भी सभी नये आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियो को बधाई देते हुये इस लाभकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा व आलोक श्रोती ने आवास प्राप्त करने वाले सभी परिवारों को बधाई देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के मंशा कि प्रत्येक व्यक्ति के सर पर पक्की छत हो को साकार करने का कार्य इस योजना के माध्यम से किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने बड़ी चुनौती माना बड़ा कुछ किया कहां...

राजनीति में किसी राष्ट्रीय समस्या का कोई समाधान होता है तो उसका श्रेय तो उस सरकार को मिलता है जो समाधान के समय राज्य व केंद्र की सत्ता में होती है।कोई समस्या राष्ट्रीय व राज्य की बड़ी समस्या है और कई दशकों पुरानी समस्या है तो यह तो माना जा सकता है कि राज्य व केंद्र की कई सरकारों ने इसे बड़ी समस्या माना होगा और समाधान के लिए कोशिश भी की होगी लेकिन बड़ी समस्या और बड़ी होती गई तो यह तो कहा ही जाएगा कि कई राज्य व केंद्र सरकारों ने समस्या के समाधान के लिए कोशिश की लेकिन वह समाधान करने में सफल नहीं हुए।नक्सलवाद की समस्या ऐसी ही समस्या रही है जो कांग्रेस के शासन काल में देश के लिए बड़ी समस्या बनी।कांग्रेस के समय ही तो नक्सलवाद देश के ज्यादातर राज्यों की बड़ी समस्या बना। कांग्रेस के पीएम मनमोहन सिंह ने इसे देश के लिए गंभीर चुनौती कहा जरूर था लेकिन गंभीरता से नक्सलवाद के सफाए के लिए कुछ किया नहीं। मनमोहन सिंह के समय नक्सलवाद बड़ी चुनौती बना रहा और कांग्रेस सरकार उसके लिए कोई ऐसा बड़ा काम कर नहीं सकी जिसे याद रखा जाए और कांग्रेस की सराहना की जाए।लोकसभा में देश को माओवादी उग्रवाद से मुक्त कराने के प्रयास पर चर्चा का जवाब देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने जो कुछ कहा है सच कहा है, कड़वा सच कहा है।यह सच ही तो हैं कि देश में आजादी के बाद ज्यादातर समय केंद्र व राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही है। नक्सली समस्या इसी समय पैदा हुई है देश भर में फैली और गंभीर समस्या बन गई। इसके लिए कोई कांग्रेस को दोषी न माने इसलिए नक्सली समस्या का कारण गरीबी व पिछड़ापन को बताया जाता था।कांग्रेस व उनके समर्थक तब कहा करते थे कि किसी क्षेत्र में नक्सलवाद है, माओवाद है तो उसका कारण गरीबी है और जब तक गरीबी है, पिछड़ापन है तब तक माओवाद,नक्सलवाद की समस्या तो रहेगी ही।इससे होता क्या था कि लोग मान लेते थे कि कांग्रेस सही कह रही है। गरीबी है इसलिए माओवाद,नक्सलवाद की समस्या है। देश के जिस दिन गरीबी मिट जाएगी, उस दिन माओवाद, नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा यानी उसे किसी सरकार को समाप्त करने की जरूरत नही है। वह हैं तो इसके लिए कांग्रेस सरकार दोषी नहीं है। अमित शाह ने यह कहकर कांग्रेस की पोल खोल दी है कि किसी क्षेत्र में माओवाद है तो गरीबी के कारण नहीं है। किसी क्षेत्र में गरीबी है तो माओवाद के कारण है।किसी क्षेत्र में माओवाद है तो वह क्षेत्र के पिछड़पन के कारण नहीं है, कोई क्षेत्र आज भी पिछड़ा हुआ है तो वह माओवाद के कारण पिछड़ा हुआ है।अमित शाह ने देश को बताया कि माओवादियों ने आदिवासी जंगल वाले क्षेत्र को इसलिए चुना कि वह जंगलों में छिपकर रह सकते थे,सुरक्षित रह सकते थे। इसलिए वह आदिवासी क्षेत्र में हर तरह के विकास का विरोध करते रहे और क्षेत्र को पिछड़ा बनाकर रखा।क्षेत्र में गरीबी को बनाए रखा।अमित शाह ने यह भी सच कहा है कि आदिवासियों के आदर्श तो तिलका मांझी व बिरसा मुंडा हैं,नक्सली आदिवासी नहीं थे इसलिए उन्होंने अपना आदर्श माओ को माना।विदेशी विचारधारा के कारण आदिवासियों व देश के कई राज्यों को बहुत नुकसान हुआ है। माओवाद के कारण देश व राज्यों को हुए नुकसान के बारे में अमित शाह ने देश को बताया कि नक्सलियों के कारण देश के १२ राज्य रेड कारीडोर में बदल गए।१२ करोड़ लोग कई दशक तक गरीबी व पिछड़ेपन में जीते रहे।माओवादी हिंसा के चलते देश के २० हजार लोग मारे गए है, जिनमें ५००० सुरक्षा कर्मी हैं।देश को आजाद हुए ७५ साल हो गए हैं, इनमें से पचास साल से ज्यादा कांग्रेस सत्ता में रही। फिर आदिवासी विकास से वंचित क्यों रहे। आदिवासी गरीब क्यों रहे। आदिवासी पिछड़े क्यों रहे।अमित शाह ने सच कहा है कि कम्युनिष्ट पार्टी अन्याय नहीं संसदीय प्रणाली का विरोध करने के लिए बनी थी। १९६९ में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए इंदिरा गांधी ने स्वीकार की थी माओवादी विचारधारा,सत्ता के समर्थन के बिना तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कारीडोर का विस्तार संभव नहीं था।माओवादियों के साथ रहते रहते कांग्रेस व उसके नेता खुद माओवादी बन गए। कांग्रेस के पीएम मनमोहन सिंह से लेकर सीएम भूपेश बघेल के समय नक्सलवाद बड़ी समस्या थी। लेकिन दोनों ने अपने समय में इसके लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किए।नक्सली समस्या के समाधान के लिए जो कुछ भी किया जाता था वह दिखाने के लिए किया जाता था कि देखो हम कोशिश कर रहे हैं, देखो हम भी लड़ रहे हैं। कांग्रेस की कोशिश व लड़ने से समस्या का समाधान हुआ क्या, नहीं हुआ। भूपेश बघेल की कोशिश तो उनके शासन में यही बताने की रही कि राज्य की हर समस्या के लिए केंद्र की मोदी सरकार दोषी है। समस्या के समाधान कुछ सुरक्षा कैंप खोलने से नहीं होता। समस्या के समाधान के लिए तो ४०६ कैंप खोलने पड़ते हैं,६८ नाइट लैंडिंग हैलीपेड बनाने पड़ते हैं,४०० बुलेटप्रूफ वाहन जवानों के लिए खरीदने पड़ते हैं,घायल सुरक्षा कर्मियों के इलाज के लिए ५ समर्पित अस्पताल खोलने पड़ते हैं,नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों में घुसकर ७०६ नक्सलियों को मारने पड़ते हैं,२२१८ नक्सलियों का गिरफ्तार किया जाता है।४८३९ नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए प्रेरित किया जाता है। करोड़ो रुपए खर्च करने पड़ते है तब जाकर देश व राज्य नक्सलमुक्त होते हैं. लोगों का सपना पूरा होता है।

## हनुमान जयंती

# अपने भीतर के हनुमान को जगाने का पर्व

ललित गर्ग



हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के चरित्र-निर्माण, आत्मबल, संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला महान दिवस है। यह दिन हमें मंदिरों में दीप जलाने से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का संदेश देता है। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं, वे शक्ति के सदुपयोग, ज्ञान की विनम्रता, भक्ति की पराकाष्ठा और सेवा की परंपरा के प्रतीक हैं। इसलिए हनुमान जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ है-अपने भीतर के हनुमान को जगाना। हनुमान जी को मंगलकर्ता और विघ्नहर्ता कहा गया है। लेकिन वे विघ्न केवल बाहरी नहीं हटाते, वे मनुष्य के भीतर के विघ्न-अहंकार, भय, आलस्य, क्रोध, लोभ, मोह, इन सबका भी नाश करते हैं। आज का मनुष्य बाहरी समस्याओं से कम और आंतरिक कमजोरियों से अधिक परेशान है। इसलिए आज हनुमान की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है।

हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने कभी अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने अपनी शक्ति को सेवा में लगाया। आज का युग शक्ति प्रदर्शन का युग बन गया है-धन का प्रदर्शन, पद का प्रदर्शन, ज्ञान का प्रदर्शन, शक्ति का प्रदर्शन। लेकिन हनुमान हमें सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, उसका संरक्षण और सदुपयोग ही महानता है। सर्वशक्तिमान होकर भी उन्होंने स्वयं को ''राम का दास'' कहा। इससे बड़ी विनम्रता और क्या हो सकती है? हनुमान हमें यह भी सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए। ज्ञान यदि विनम्रता नहीं देता, तो वह अज्ञान है। शक्ति यदि सेवा में नहीं लगती, तो वह विनाश का कारण बनती है। इसलिए हनुमान शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और सेवा के भी प्रतीक हैं। हनुमान को ज्ञानियों में अग्रगण्य कहा गया है-''ज्ञानिनामग्रगण्यम''। वे केवल बलवान नहीं थे, वे महान विद्वान, व्याकरणाचार्य, तर्कशास्त्री, संगीतज्ञ और नीतिज्ञ भी थे। लेकिन इतनी विद्या होने पर भी उनमें अहंकार नहीं था। वे सरलता, सादगी और सेवा के प्रतीक बने रहे। आज शिक्षा बढ़ रही है, लेकिन विनम्रता घट रही है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन चरित्र घट रहा है। ऐसे समय में हनुमान का चरित्र हमें ज्ञान के साथ विनम्रता का संतुलन सिखाता है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे।

हनुमान के जीवन में तीन महान तत्व दिखाई देते हैं-ज्ञान, भक्ति और कर्म। ज्ञान उन्हें दिशा देता है, भक्ति उन्हें प्रेरणा देती है और कर्म उन्हें महान बनाता है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में ज्ञान है पर कर्म नहीं, तो वह अधूरा है। यदि कर्म है पर भक्ति नहीं, तो उसमें संवेदना नहीं होगी। यदि भक्ति है पर ज्ञान नहीं, तो वह अंधविश्वास बन सकती है। इन तीनों



का समन्वय यदि किसी चरित्र में दिखाई देता है, तो वह हनुमान का चरित्र है। हनुमान का जीवन संयम का जीवन था। वे बलशाली थे, पर ब्रह्मचारी थे। वे विद्वान थे, पर विनम्र थे। वे वीर थे, पर शांत थे। वे शक्तिशाली थे, पर सेवक थे। यह संतुलन ही उन्हें महान बनाता है। आज मनुष्य के पास साधन हैं, पर संयम नहीं। ज्ञान है, पर दिशा नहीं। शक्ति है, पर सेवा नहीं। इसलिए समाज में अशांति बढ़ रही है। हनुमान का जीवन हमें संयम और संतुलन का संदेश देता है।

हनुमान के बाल स्वरूप की कथा भी अत्यंत प्रेरणादायक है। बालक हनुमान ने सूर्य को फल समझकर पकड़ने का प्रयास किया। यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि एक महान संदेश है। यह बालकों की असीम जिज्ञासा, उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक है। यह कथा समाज को संदेश देती है कि बच्चों की जिज्ञासा को दबाया नहीं जाना चाहिए, उसे सही दिशा देनी चाहिए। यदि बालकों को सही मार्गदर्शन मिले, तो उनमें से हर बालक हनुमान बन सकता है-ऊर्जावान, जिज्ञासु, साहसी और रचनात्मक। आज के माता-पिता और समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों में हनुमान जैसे गुण विकसित करें-साहस, जिज्ञासा, अनुशासन, सेवा, विनम्रता और भक्ति। यदि बचपन में ही यह संस्कार मिल जाएं, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। हनुमान भक्ति का वास्तविक अर्थ भी समझना जरूरी है। हनुमान भक्ति केवल चालीसा पढ़ना नहीं है, बल्कि हनुमान के गुणों को जीवन में उतारना है।

हनुमान भक्ति का अर्थ है- अहंकार छोड़ना, सेवा करना, सत्य का साथ देना, संयम रखना, कर्तव्य निभाना और अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। जब तक भक्ति केवल मंदिर तक सीमित रहेगी, तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। जब भक्ति जीवन बन जाती है, तब भगवान और भक्त अलग नहीं रहते। हनुमान की भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मपरिवर्तन की प्रक्रिया है। यह भक्ति व्यक्ति को भीतर से बदल देती है-अहंकार की जगह विनम्रता, क्रोध की जगह क्षमा, भय की जगह साहस और निराशा की जगह आशा भर देती है। आज समाज में सबसे बड़ी समस्या शक्ति की नहीं, चरित्र की है; ज्ञान की नहीं, दिशा की है; साधनों की नहीं, संयम की है। इसलिए आज समाज को हनुमान की जरूरत है-मंदिरों में नहीं, जीवन में; मूर्तियों में नहीं, व्यक्तित्व में। हर व्यक्ति के भीतर एक हनुमान सोया हुआ है- किसी में साहस का हनुमान, किसी में सेवा का हनुमान, किसी में ज्ञान का हनुमान, किसी में भक्ति का हनुमान। जरूरत केवल उसे जगाने की है।

अपने भीतर के हनुमान को जगाने का अर्थ है- अपने भीतर के भय को हराना, अपने भीतर के अहंकार को मिटाना, अपने भीतर की शक्ति को सेवा में लगाना, अपने ज्ञान को समाज के काम में लगाना, अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। यदि हनुमान जयंती पर हम केवल पूजा करें और जीवन न बदलें, तो यह पर्व अधूरा है। यदि हम अपने जीवन में साहस, सेवा, संयम, विनम्रता और भक्ति का एक भी गुण उतार लें, तो हनुमान जयंती सार्थक हो जाएगी। आज आवश्यकता मंदिरों में हनुमान खोजने की नहीं, अपने भीतर हनुमान जगाने की है। जब व्यक्ति के भीतर हनुमान जागेगा, तब उसका भय समाप्त होगा। जब समाज के भीतर हनुमान जागेगा, तब अन्याय समाप्त होगा। जब राष्ट्र के भीतर हनुमान जागेगा, तब कमजोरी समाप्त होगी।

हनुमान जयंती हमें यही संदेश देती है कि महानता शक्ति में नहीं, शक्ति के सदुपयोग में है; ज्ञान में नहीं, ज्ञान की विनम्रता में है; भक्ति में नहीं, भक्ति के समर्पण में है। इस हनुमान जयंती पर हमें संकल्प लेना चाहिए- हम शक्ति का प्रदर्शन नहीं, संरक्षण करेंगे। हम ज्ञान का अहंकार नहीं, विनम्रता रखेंगे। हम भक्ति का प्रदर्शन नहीं, जीवन में समर्पण लाएंगे। हम अपने भीतर के हनुमान को जगाएंगे। यदि हर व्यक्ति अपने भीतर के हनुमान को जगा ले, तो परिवार सुधर जाएगा, समाज सुधर जाएगा, राष्ट्र सुधर जाएगा और मानवता का भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है- अपने भीतर के हनुमान को जगाइए, जीवन को शक्ति, ज्ञान, भक्ति और सेवा का संगम बनाइए।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए ताजगी भरा रहने वाला है। आज से डेली योग और ध्यान करने का प्रण लेगें। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में अधिक रहेगा। समाज में लोगों के बीच आपके कर्मठता और ईमानदारी की तारीफ होगी। आज आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको अपनी मेहनत का फल अवश्य मिलेगा। बच्चों को माता-पिता के साथ बाहर घूमने का मौका मिलेगा। महिलाएं बिजनेस के लिए कार्य योजना बनायेंगी।

वृष राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप नजदीक में ही अपनी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे वह अच्छा समय बिताएंगे कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। अगर आप किसी धार्मिक संस्थान से जुड़े हैं, तो आपको लाभ होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। आज नया काम शुरू करने की सोचेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आपको पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा।

मिथुन राशिः आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आप किसी काम के लिए नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि होने की संभावना है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को आज किसी बड़ी कम्पनी से नया प्रोजेक्ट मिल सकता है आप इस पर धैर्य के साथ पूरी लग्न से कार्य करेंगे सफलता अवश्य मिलेगी। छात्र अपने मित्रों के साथ किसी बहुत बड़े क्विज में हिस्सा ले सकते हैं। स्वास्थ्य के मामले में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। करियर में नए शुभ अवसर मिलेगा। असंभव सा दिखने वाले किसी काम के पूरे होने पर आपको बहुत सुकून मिलेगा। आज कार्य स्थल पर हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा और मानेगा। आपको काम में सीनियर्स का पूरा साथ मिलेगा।

सिंह राशिःआज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपकी बहुप्रतीक्षित मनोकामना आज पूरी हो सकती है। आज फैमिली के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। आपके चहेते लोग आपके व्यापार में मदद कर सकते हैं। अपने बीजी शेड्यूल से समय निकालकर परिवार के साथ समय बिताएंगे, रिश्तों में विश्वास बढ़ेगा। जीवनसाथी से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज अधिकारियों से अच्छा कॉम्पलीमेंट मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप किसी काम में बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए कुछ नया क्रिएटिव करेंगे। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। आपके काम में सीनियर्स का पूरा योगदान रहेगा। लवमेट्स के रिश्तों में मजबूती आएगी। आपको व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है।

तुला राशिः आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है। किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको बचना चाहिए। साथ ही कोर्ट कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज जारी रखनी चाहिए। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं साथ ही शाम को आप कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट भी जाएंगे। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न हो सकते हैं। आज आप किसी नए आय के स्रोत का फायदा उठा सकते हैं। आज आप बिजनेस में पैसे तो लगाएंगे, लेकिन आपको उसका लाभ मिलने में वक्त लगेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी और आपका कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ेगा। रिसर्च कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जा सकते हैं। ये यात्रा आपके लिए बेहद सुखद रहेगी। आपके बच्चे आपकी बातों को अच्छे से समझेंगे और मानेंगे भी। आपको उन पर गर्व होगा। काम के प्रति आपकी रुचि बनी रहेगी। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी।

मकर राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। साथ ही कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आ सकता है। आज आपको किसी प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मिठास बनी रहेगी।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज खास काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। घर में नए मेहमान के आने की खुशखबरी मिलने से घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। सामाजिक लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। साथ ही आपकी बातों से कुछ लोग प्रभावित भी होंगे। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी। आपको धन लाभ के कई मौके मिलेंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज काम में पेरेंट्स की मदद मिलने से काम जल्दी ही पूरा होगा। आज आपका सहपाठी आपसे अपनी बात शेयर कर सकता है। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आप अपने कठिन विषय पर शिक्षकों से चर्चा कर सकते हैं। सेहत के लिहाज से शरीर कुछ ढीला ढाला हो सकता है। नेगेटिव विचारों से दूरी बनाए रखें। आज आपको पैसों के लेन देन से बचना चाहिए। आज आपको अपने गुस्से को नियंत्रण में रखना चाहिए.

## सू- दोकू क्र.361

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.360 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## शब्द सामर्थ्य - 361

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 360 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

# होर्मुज की लहरों में डूबता सुपर पावर का गुमान और हार को जीत बताता ट्रंप का प्रलाप

अजय कुमार,



इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि युद्ध के मैदान में जब बंदूकें खामोश होने लगती हैं, तब झूठ के नगाड़े सबसे जोर से बजते हैं। आज फारस की खाड़ी के तपते पानी में जो कुछ घट रहा है, वह किसी हॉलीवुड थ्रिलर से कम नहीं है, लेकिन इस पटकथा का अंत वैसा नहीं है जैसा वॉशिंगटन के व्हाइट हाउस में बैठकर लिखा गया था। युद्ध में कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है, इसे आंकने का पैमाना कभी भी मिसाइलों की संख्या या मलबे का ढेर नहीं होता। इसका सबसे सटीक पैमाना यह है कि शांति की भीख सबसे पहले किसने मांगी। आज जब हम अप्रैल 2026 की दहलीज पर खड़े हैं, तो दुनिया देख रही है कि जिस ईरान को प्रतिबंधों की बेड़ियों में जकड़कर घुटनों पर लाने का दावा किया गया था, वह आज तनकर खड़ा है और दुनिया का स्वयंभू थानेदार अब एग्जिट गेट की तलाश में हाथ-पांव मार रहा है। इस पूरी कहानी को समझने के लिए हमें थोड़ा पीछे मुड़कर साल 2025 के उस 'ऑपरेशन सिंदूर' को देखना होगा, जिसने उपमहाद्वीप के सैन्य इतिहास को हमेशा के लिए बदल दिया। भारत ने जब अपनी सीमा पार कर आतंकवाद के फनों को कुचला, तो वह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक संदेश था। वह संदेश यह था कि शक्ति प्रदर्शन चीखने-चिल्लाने से नहीं, बल्कि सटीक प्रहार से होता है। पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम जब ताश के पत्तों की तरह ढह रहा था और भारतीय विमान आकाश में अपनी मर्जी से चित्रकारी कर रहे थे, तब रावलपिंडी के जनरलों ने पहली बार शांति का राग अलापा था। वह हार की तड़प थी जिसे जीत के पदकों के पीछे छिपाने की नाकाम कोशिश की गई। आसिम मुनीर का खुद को 'फील्ड मार्शल' घोषित कर देना वैसा ही था जैसे कोई डूबता हुआ आदमी खुद को समंदर का राजा कह दे। लेकिन गड्ढे झूठ नहीं बोलते। सैटेलाइट की तस्वीरों ने वह सच दुनिया के सामने रख दिया था जिसे पाकिस्तान की पीआर मशीनरी दबाना चाहती थी। आज मिडिल ईस्ट के रणक्षेत्र में डोनाल्ड ट्रंप वही गलती दोहरा रहे हैं जो कभी पाकिस्तानी जनरलों ने की थी। 28 फरवरी को जब ईरान के शीर्ष नेतृत्व पर हमला हुआ, तो अमेरिका को लगा कि तेहरान ताश की गड्डी की तरह बिखर जाएगा। लेकिन वे भूल गए कि जिस देश ने 40 साल से प्रतिबंधों की आग में खुद को तपाया हो, उसके लिए मिसाइलों की गड़गड़ाहट किसी उत्सव से कम नहीं होती। ईरान ने पलटवार किया और ऐसा किया कि पूरे मध्य पूर्व में फैले अमेरिकी अड्डों की सुरक्षा की कलई खुल गई। आज होर्मुज स्ट्रेट बंद है। दुनिया की रगों में दौड़ने वाला तेल अब ईरान की मर्जी का मोहताज है। वह देश जो कल तक दूसरे देशों को सुरक्षा की गारंटी बेचता था, आज अपने ही सैनिकों की जान बचाने के लिए उन रास्तों को ढूंढ रहा है जो तेहरान तक जाते हों।



ट्रंप का आज का अंदाज बिल्कुल मई 2025 के पाकिस्तान जैसा है। कैमरों के सामने आकर वे अपनी जीत के कसीदे पढ़ रहे हैं, ट्रुथ सोशल पर कैप्स लॉक में अपनी ताकत का बखान कर रहे हैं, लेकिन जमीन की हकीकत उनके दावों का मजाक उड़ा रही है। जब आप हार रहे होते हैं, तो आपकी भाषा में अहंकार और हताशा का एक अजीब मिश्रण घुल जाता है। अमेरिका आज पाकिस्तान के जरिए ईरान को 15 सूत्रीय प्रेम पत्र भेज रहा है, लेकिन तेहरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी सेल्समैन से बात नहीं करेगा। ईरान की शर्तें साफ हैं होर्मुज पर उसका नियंत्रण होगा, अमेरिकी फौजें इलाका खाली करेंगी और नुकसान की भरपाई वॉशिंगटन को करनी होगी। ये शर्तें किसी हारे हुए राष्ट्र की नहीं, बल्कि उस खिलाड़ी की हैं जिसने सामने वाले की पूरी बिसात उलट दी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका की विफलता केवल सैन्य नहीं, बल्कि रणनीतिक और नैतिक भी है। जिस रडार और एयर डिफेंस के भरोसे अमेरिका अपनी धौंस जमाता था, वे आज मलबे के ढेर में तब्दील हो चुके हैं। अरब देश, जो कभी अमेरिका की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करते थे, अब नए समीकरणों की तलाश में हैं। सऊदी अरब का यूक्रेन के साथ डिफेंस डील करना इस बात का सीधा प्रमाण है कि अब दुनिया को ट्रंप के काड्र्स की असलियत समझ आ गई है। जब घर का मुखिया ही चोरों से अपनी रक्षा न कर पाए, तो परिवार के बाकी सदस्य नए रक्षक ढूंढने लगते हैं। आज वही स्थिति अमेरिका की है।

सबसे दिलचस्प भूमिका पाकिस्तान की है, जो अपनी फटीहाली को कूटनीतिक अवसर में बदलने की कोशिश कर रहा है। वह देश जिसने खुद अपनी नाक कटवाई थी, आज अमेरिका और ईरान के बीच बिचौलिए की भूमिका में डॉलर बटोरने के सपने देख रहा है। लेकिन ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस खेल का हिस्सा नहीं बनेगा। ईरान जानता है कि वक्त उसके साथ है। वह चुप है, शांत है और अपने लक्ष्यों के प्रति अडिग है। उसकी यह खामोशी वॉशिंगटन की बेचैनी को और बढ़ा रही है। जब आपके पास खोने के लिए कुछ न बचा हो, तो आप सबसे खतरनाक योद्धा बन जाते हैं। ईरान आज उसी स्थिति में है। कार्ल मार्क्स ने सच ही कहा था कि इतिहास खुद को दोहराता है, पहले एक त्रासदी के रूप में और फिर एक मजाक के रूप में। ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए त्रासदी थी, और आज फारस की खाड़ी में अमेरिका जो कर रहा है, वह एक वैश्विक मजाक बनकर रह गया है। ट्रंप अब एक सुरक्षित रास्ता ढूंढ रहे हैं जिससे वे अपनी साख बचा सकें, लेकिन ईरान उन्हें वह मौका देने के मूड में नहीं है। वह होर्मुज का पूरा टोल वसूलने के बाद ही चैन से बैठेगा। यह युद्ध मिसाइलों से नहीं, बल्कि सब्र और हौसले से जीता जा रहा है। और फिलहाल, जीत का सेहरा तेहरान के सिर बंधता दिख रहा है, जबकि वॉशिंगटन की चमकती वर्दी पर धूल और हार की कालिख साफ देखी जा सकती है। गड्ढे आज भी वहीं हैं, चाहे वो रावलपिंडी के एयरफील्ड पर हों या ट्रंप की विदेश नीति के सीने पर। सच तो यही है कि सुपरपावर का गुमान अब फारस की खाड़ी की लहरों में दफन हो चुका है।

# गंगामुंडा चौपाटी चौक मंदिर में हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**■ विश्व शांति और युद्ध विराम की कामना के साथ युवा समिति का आयोजन, सैकड़ों भक्तों ने किए दर्शन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 2 अप्रैल।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गंगामुंडा तलब चौपाटी चौक स्थित हनुमान मंदिर में गंगामुंडा युवा समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन के साथ भगवान हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला, वहीं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे।समिति द्वारा स्थापित हनुमान जी की भव्य मूर्ति विशेष मुहूर्त में बनवाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आयोजन के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।इस मौके पर समिति के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ईरान-अमेरिका-इजरायल तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के जल्द समाप्त होने की प्रार्थना भी की। उन्होंने विश्व में शांति स्थापित होने, ऊर्जा संकट दूर होने तथा तेल-गैस की कीमतों में स्थिरता बनी रहने की कामना की।कार्यक्रम में समिति के सदस्य भीम कश्यप, राजेश शेट्टी, बबलू नायडू, गणपत शेट्टी, तंगराज शेट्टी, शुभम शेट्टी और सागर शेट्टी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने भगवान हनुमान से देश, प्रदेश और विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र के लोगों के सुखद एवं समृद्ध जीवन की प्रार्थना की।

# किरंदुल से दंतेवाड़ा मुख्य मार्ग निर्माण कार्य में हो रहा भारी भ्रष्टाचार

## सड़क, नाली, पुल -पुलिया बनाने गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बचेली,2 अप्रैल।** बैलाडीला से जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा तक भारी वाहनों की आवाजाही के लिए यह एक मात्र मार्ग है जिस पर छमता से अधिक मालवाहक हाइवा ट्रक ट्रेलर का आवगमन रोजाना रहता है किरंदुल से भांसी के मध्य मार्ग पर बने अधिकांस पुलिया 40 से 45 वर्ष पुरानी हैं जो की जर्जर हो चुकी है।

परंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दि जा रहीं हैं अधिकांश पुलियों की दोनो तरफ की परपेट वॉल टूट चुकी है विभाग ने इस कार्य के लिए अनुमानित 100 करोड़ रूपय की निविदा टेंडर करवा कर ठेकेदार को निर्माण कार्य सौपीं थीं परंतु विडंबना यह है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता हीन कार्य कि जा रहीं हैं जिसकी सुद लेने वाले जिम्मेदार अधिकारी एवं विभागीय इंजीनियर कार्य को भ्रष्टाचार एवं लापरवाही की भेंट चढ़ाते दिख रहें हैं

विभागीय इंजीनियर और ठेकेदार की मिली भगत से मनमानी ढंग से कार्य कर सड़क निर्माण कार्य को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाकर जनता की उम्मीदो पर पानी फेरी जा रहीं हैं सकरा व जर्जर पुलकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है

## एक नजर

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जगदलपुर, 2 अप्रैल (तछसं.)** । बस्तर पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए थाना बोधघाट क्षेत्र की एक नाबालिग पीड़िता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 मार्च 2026 को वह अपने काम से कोर्ट तिराहा की ओर जा रही थी। इसी दौरान बीच रास्ते में मुकेश ध्रुव नामक युवक ने उसका रास्ता रोककर हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डीण् धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश उम्र 20 वर्ष निवासी जगदलपुर को गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता ;की धारा 74. 75ए 126.2 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 08 और 11 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को 01 अप्रैल 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय विशेष न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौरए सहायक उप निरीक्षक सुजाता नायडूए आरक्षक भैरव सिन्हाए राम ठाकुर एवं परमानंद भोयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बस्तर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि महिला एवं बाल अपराधों के प्रति पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है और ऐसे मामलों में तत्काल सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# बस्तर को नक्सलमुक्त करने का प्रयास करने पर सांसद महेश कश्यप ने केंद्र और राज्य सरकार का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,2 अप्रैल।** बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बस्तर सहित पूरे देश को नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प को लेकर नरेन्द्र मोदी और अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बस्तर, जो कभी रेड कॉरिडोर के नाम से जाना जाता था, अब नक्सल मुक्त होकर अपनी नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।सांसद कश्यप ने कहा कि नक्सलवाद ने लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के विकास को बाधित किया, लेकिन अब केंद्र सरकार और राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास की धारा तेज़ी से प्रवाहित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की छवि को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने में केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मार्च 2026 तक देश को माओवाद से मुक्त करने की समयसीमा तय किए जाने पर कुछ लोगों ने संदेह जताया था, लेकिन सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और ÷जीरो टॉलरेंस÷ नीति के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह के बार-बार बस्तर दौरे और माओवादियों से आत्मसमर्पण की अपील के चलते अब तक 2898 नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में वापसी की है, वहीं लगभग 2000 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है।सांसद ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की भी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर माओवादियों को मुख्यधारा में जोड़ने के प्रयास किए, जो सफल रहे।उन्होंने आगे कहा कि एक ओर जहां नक्सलियों के आत्मसमर्पण को बढ़ावा दिया गया, वहीं दूसरी ओर बस्तर के युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय युवा अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर रहे हैं।अंत में सांसद महेश कश्यप ने नक्सल मुक्त बस्तर और नक्सल मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति पुनः आभार व्यक्त किया।बस्तर में बदलते हालात और विकास की रफ्तार यह संकेत दे रही है कि क्षेत्र अब संघर्ष की पहचान से निकलकर प्रगति और अवसरों की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### दरभा के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में निकली भर्ती 20 अप्रैल तक करें आवेदन

**जगदलपुर, 2 अप्रैल।** जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना दरभा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से ग्राम पंचायत छिन्दगुर और छिन्दावाड़ा में कार्यकर्ता के एक-एक पद तथा ग्राम पंचायत अलवा में सहायिका के एक पद की पूर्ति की जानी है। जो भी इच्छुक महिला अभ्यर्थी इन पदों के लिए आवेदन करना चाहती हैं, वे 06 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल ीजजचेरू्ध्ध्ूूूण्म-ींतजपण्पदध् पर जाकर अपने दस्तावेज अपलोड कर सकती हैं।

## समाचार संक्षेप

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बीजागुड़ा स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**जगदलपुर,2 अप्रैल (तछसं.)।** गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 में पूर्व माध्यमिक शाला बीजागुड़ा, छोटे देवड़ा क्लस्टर सरगीपाल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।सफल विद्यार्थियों को महापौर संजय पाण्डेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया तथा उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस परीक्षा में लगभग 10 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विद्यालय की छात्रा दीपिका नाग (पिता सुकरू नाग) ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्र गगन नाग (पिता जयकिशोर नाग) ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विकासखंड बकावंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विद्यालय परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, खंड स्रोत समन्वयक सोनसिंह बघेल, संकुल प्राचार्य अनिता आनंद अय्यर, संकुल समन्वयक फूलदास नागेश, प्रधान अध्यापक अनिल कुमार पटेल, प्रधान अध्यापिका सुनीता नाग सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।विद्यार्थियों की यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है, जो अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

# शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में विसंगति पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी शिक्षकों की वरिष्ठता सूचियों में गंभीर विसंगतियों की शिकायत की है। इस मुद्दे को लेकर एसोसिएशन के बस्तर जिला इकाई पदाधिकारियों ने संयुक्त संचालक शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ध्यान आकर्षित कराया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारीए बस्तर द्वारा 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में सहायक शिक्षक एलबी ;ई एंड टीद्ध की अंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गई है। वहींए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर द्वारा भी उसी तिथि के आधार पर संभाग स्तरीय सहायक शिक्षक एलबी ईटी की अंतरिम वरिष्ठता सूची जारी की गई है।एसोसिएशन का आरोप है कि दोनों सूचियों में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। जिला स्तरीय सूची में जो शिक्षक वरिष्ठ क्रम में हैंए उन्हें संभाग स्तरीय सूची में कनिष्ठ क्रम में दर्शाया गया है। वहीं जिला स्तर पर कनिष्ठ क्रम में आने वाले शिक्षकों को संभागीय सूची में वरिष्ठ क्रम में रखा गया हैए जिससे शिक्षकों में नाराजगी बढ़ गई है।इस विसंगति पर सहायक शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सभी शिक्षक संगठनों से आपत्ति दर्ज कराने की मांग की है।एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि शिक्षकों की सेवा पुस्तिका का विधिवत अवलोकन कर नियमानुसार वरिष्ठता क्रम निर्धारित किया जाए। साथ ही त्रुटियों को सुधारते हुए नई संशोधित वरिष्ठता सूची जारी की जाएए ताकि शिक्षकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।



वरिष्ठता सूची में गड़बड़ी से न केवल शिक्षकों का मनोबल प्रभावित हो रहा हैए बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में समय रहते त्रुटि सुधार जरूरी माना जा रहा है।

### एनएमडीसी ने अब तक का सर्वाधिक 53 एमटी टन उत्पादन कर रचा इतिहास

**हैदराबाद, 2 अप्रैल (तछसं.)।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक तथा जिम्मेवार खनिक एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2026 में 53 एमटी लौह अयस्क के उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत के खनन इतिहास में 50 एमटी वार्षिक उत्पादन के लक्ष्?य को पार करने वाली प्रथम कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि संख्यात्मक उपलब्धि से आगे है, जो भारत के खनिज क्षेत्र की बढ़ती ताकत और गति का प्रतीक है। एनएमडीसी निरंतर देश की लौह अयस्क आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है तथा अपने इस्पात उद्योग की आधारशिला को मजबूती प्रदान कर रहा है।कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 51 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की असाधारण वृद्धि के साथ मार्च 2026 माह में 5.35 एमटी लौह अयस्क का उत्पादन किया तथा 5.90 एमटी लौह अयस्क की बिक्री की। कुल उत्पादन परिणाम 21 प्रतिशत की अद्भुत वृद्धि के साथ 53.15 एम टी तक पहुंच गया तथा बिक्री 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50.23 एमटी तक पहुंच गई, जो स्थापना के बाद से इसका अब तक का सर्वोत्तम मात्रा है। एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खदानों - छत्तीसगढ़ में किरंदुल तथा बचेली एवं कर्नाटक में दोणिमलै के मजबूत प्रदर्शन से रिकॉर्ड उत्पादन हुआ, जिसने कंपनी के इतिहास में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज कर दिया ।

### टेकरी वाले हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

**जगदलपुर, 2 अप्रैल।** जगदलपुर स्थित टेकरी वाले हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमत् जन्मोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन 2 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। यह आयोजन तीर्थ सिद्ध हनुमान पीठ में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा।कार्यक्रम के तहत 2 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में भगवान हनुमान का तीर्थ जल स्नान, अभिषेक, पूजन एवं आरती की जाएगी। इसके पश्चात सुबह 7ः30 बजे हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक और बजरंग वंदना का पाठ करते हुए विधिवत चोला अर्पण किया जाएगा।सुबह 9ः30 बजे से अखंड सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ होगा, जिसे मंदिर की रामायण मंडली एवं श्रद्धालु मिलकर संपन्न करेंगे। यह पाठ अगले दिन यानी 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक लगातार चलता रहेगा।आयोजन के दौरान 2 अप्रैल की रात्रि में विशेष आकर्षण के रूप में भक्तों द्वारा 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान हनुमान को अर्पित किए जाएंगे, जिससे मंदिर परिसर भक्ति और प्रकाश से आलोकित होगा।3 अप्रैल को सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात हवन, आरती और महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।मंदिर के प्रधान पुरोहित पं. नारायण प्रसाद जोशी ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।हनुमत् जन्मोत्सव का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिक भक्ति का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों ने नेम टैग उत्साह से बनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 2 अप्रैल।** बस्तर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के प्रारंभिक विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक गतिविधि का आयोजन किया गया। तितली संस्था के सहयोग से आयोजित श्नेम टैग बनाओश् पहल ने नन्हे.मुन्ने बच्चों में सीखने के प्रति नया उत्साह जगाया। इस गतिविधि के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का माहौल उत्सव जैसा नजर आया। छोटे.छोटे बच्चों ने रंग.बिरंगे स्केच और कलमों की मदद से अपने नाम लिखते हुए आकर्षक नेम टैग ;आईडी कार्डद्ध तैयार किए। बच्चों द्वारा बनाए गए ये नेम टैग उनकी रचनात्मकताए मेहनत और अपनी पहचान के प्रति गर्व का प्रतीक बनकर उभरे।कार्यक्रम का सबसे खास क्षण तब देखने को मिला जब बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए नेम टैग गले में पहनकर आत्मविश्वास के साथ सभी के सामने अपना परिचय दिया। इस गतिविधि ने न केवल उनके भीतर छिपे डर को कम कियाए बल्कि सार्वजनिक रूप से बोलने का आत्मविश्वास भी विकसित किया।खेल.खेल में सीखने की यह पहल बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ.साथ उनकी संज्ञानात्मक क्षमताओं के विकास में भी सहायक सिद्ध हो रही है। श्नेम टैग बनाओश् जैसी गतिविधियां आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहद प्रभावी साबित हो रही हैंए जो उनकी पहचानए आत्मविश्वास और रचनात्मकता को नई दिशा देती हैं।



### 1 अप्रैल को विद्यार्थी बने अप्रैल फूल परीक्षा स्थगित होने से मायूस लौटे छात्र

**जगदलपुर,2 अप्रैल (तछसं.)।** बस्तर जिले में 1 अप्रैल की सुबह सैकड़ों विद्यार्थी उस समय असमंजस और निराशा का शिकार हो गए जब वे पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने स्कूल पहुंचेए लेकिन वहां जाकर पता चला कि उनकी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। दरअसल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के तहत आज कक्षा 9वीं और 11वीं के हिंदी और संस्कृत विषय के पेपर होने थे। लेकिन प्रश्न पत्रों में त्रुटि पाए जाने के कारण दोनों परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं। यह जानकारी विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने के बाद ही मिलीए जिससे वे मायूस होकर वापस लौट गए।जानकारी के अनुसारए प्रश्न पत्रों में त्रुटि सुधार के बाद जिला शिक्षा कार्यालय ने 27 मार्च को ही अपने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना भेज दी थी। साथ ही जनसंपर्क विभाग को भी जानकारी प्रेषित की गई थीए ताकि इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया जा सके। इसके बावजूद यह सूचना समय पर विद्यार्थियों और पालकों तक नहीं पहुंच सकी। अंततः 1 अप्रैल की सुबह ही परीक्षा प्रभारियों के माध्यम से स्कूल स्तर पर जानकारी दी गई कि आज की परीक्षाएं नहीं होंगी।अचानक मिली इस सूचना से छात्र और अभिभावक हतप्रभ रह गए और उन्होंने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कई लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सूचना दी जातीए तो विद्यार्थियों को इस असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता।

अब 9वीं और 11वीं के हिंदी और संस्कृत विषय की परीक्षाएं 9 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी। सूचना के अभाव में विद्यार्थियों को हुई परेशानी ने शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में भविष्य में बेहतर समन्वय और समय पर सूचना प्रसारण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बस्तर को मिली 15 नई एम्बुलेंस, दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और सुलभ

### महापौर संजय पांडे ने महारानी अस्पताल परिसर में एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जगदलपुर,2 अप्रैल (तछसं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनहितैषी पहल के तहत बस्तर जिले को 15 नई एम्बुलेंस की सौगात मिली है। इसका उद्देश्य जिले के वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।इन एम्बुलेंस के शामिल होने से अब आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुदृढ़ हो जाएगी। विशेष रूप से सड़क दुर्घटनाओं और प्रसव जैसे गंभीर मामलों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना आसान होगा बुधवार को जगदलपुर स्थित महारानी अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पूर्व उन्होंने एम्बुलेंस में लगे आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों का निरीक्षण किया तथा विधि.विधान से पूजा.अर्चना कर इन्हें जनता की सेवा के लिए समर्पित किया।इस अवसर पर महापौर ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये नई एम्बुलेंस उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।नई एम्बुलेंस सेवा से बस्तर में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध हो सकेगी। सी गतिविधियां आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहद प्रभावी साबित हो रही हैं जो उनकी पहचानए आत्मविश्वास और रचनात्मकता को नई दिशा देती हैं।

# बस्तर में लाल आतंक का अंत तय, अब सिर्फ सुशासन का राजः तारा ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में नक्सलवाद के मुद्दे पर एक बड़ा और सख्त राजनीतिक बयान सामने आया है। जिला पंचायत कांकेर की उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर ने प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि अब बस्तर में लाल आतंक का अंत तय हो चुका है और क्षेत्र सुशासन के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व को इस बदलाव का श्रेय देते हुए इसे ऐतिहासिक परिवर्तन बताया।

### नेतृत्व और रणनीति से बदली बस्तर की तस्वीर

श्रीमती ठाकुर ने कहा कि अमित शाह द्वारा निर्धारित 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने का लक्ष्य अब जमीन पर साकार होता दिखाई दे रहा है।



उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और विष्णु देव साय की निर्णायक कार्यशैली ने बस्तर को भय और हिंसा से निकालकर विकास और विश्वास की राह पर ला खड़ा किया है। उनके अनुसार, पहले जहां बंदूक और डर का माहौल था, वहां अब प्रशासनिक मजबूती और जनविश्वास कायम हो रहा है।

### कांग्रेस पर साधा निशाना, वोट बैंक की राजनीति का आरोप

अपने बयान में तारा ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बस्तर को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नक्सलवाद के नाम पर राजनीति की गई, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने बस्तर को उसका सम्मान लौटाया है और आदिवासी समाज सहित सभी वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

### आदिवासी समाज और बुनियादी सुविधाओं में सुधार का दावा

तारा ठाकुर ने विशेष रूप से बस्तर के आदिवासी समाज का उल्लेख करते हुए कहा कि अब क्षेत्र के लोग भयमुक्त होकर अपने अधिकारों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और रोजगार के अवसर तेजी से गांव-गांव तक पहुंच रहे हैं। उनके अनुसार, यह बदलाव ही असली सुशासन की पहचान है और यही बस्तर के उज्वल भविष्य की नींव है।

### सुरक्षा बलों के साहस को बताया परिवर्तन की असली ताकत

श्रीमती ठाकुर ने बस्तर में आए इस बदलाव के पीछे सुरक्षा बलों के योगदान को निर्णायक बताया। उन्होंने कहा कि जवानों के साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति ने ही इस क्षेत्र को नक्सलवाद से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि उनका मनोबल ही इस जीत की सबसे बड़ी ताकत है और देश उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा।

### नक्सलमुक्त बस्तर को विकास मॉडल बनाने का संकल्प

अपने बयान के अंत में तारा ठाकुर ने दृढ़ता से कहा कि लाल आतंक का किला अब पूरी तरह ढह चुका है और यह बस्तर की जनता के लिए राहत और नई शुरुआत का समय है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प नक्सलमुक्त, सुरक्षित और विकसित छत्तीसगढ़ का है। आने वाले समय में बस्तर को देश के विकास के एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा, जहां शांति, सुरक्षा और समृद्धि का नया इतिहास लिखा जाएगा।

### खरीफ और रबी सीजन के लिए जिला स्तरीय कृषि नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जगदलपुर, 2 अप्रैल।** जिले के किसानों के लिए कृषि विभाग के द्वारा आगामी खरीफ और रबी सीजन 2026-27 के लिए जिला स्तरीय कृषि नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज, गुणवत्तापूर्ण उर्वरक और कीटनाशक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, साथ ही बाजार में खाद-बीज की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और ऊंचे दामों पर बिक्री की रोकथाम करना है।

# छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सभी समाजों का सहयोग आवश्यक:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित 'उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं 'वन्दे उत्कल जननी' के मधुर गायन के साथ हुआ।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें 20 वर्षों तक सांसद के रूप में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है और वही स्नेह उन्हें आज भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे बीच 'रोटी-बेटी' का अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जशपुर के कुनकुरी से लेकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों तक बड़ी संख्या में लोग उड़िया बोलते हैं। देवभोग-गरियाबंद में आज भी महाप्रसाद के रूप में भात मिलता है और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में रथ यात्रा का आयोजन होता है। यह रिश्ता सदियों पुराना है। उन्होंने रायपुर में निर्मित भव्य जगन्नाथ मंदिर का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने समाज की बहुप्रतीक्षित पत्रिका 'सुविधा' का विमोचन किया, जिसमें समाज के रीति-रिवाज, उपलब्धियां और संपर्क नंबर संकलित हैं। समाज की मांग पर उन्होंने जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की तथा मंदिर जीर्णोद्धार और अन्य मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। शासन की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 8 लाख आवास रिकॉर्ड समय में पूर्ण किए गए हैं। 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेश खुशहाली की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा रामलला दर्शन योजना शुरू किया गया है। इस योजना के तहत अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं। योजना के माध्यम से आम नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से तीर्थ दर्शन का अवसर मिल रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जा रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य प्रदेश के अधिक से अधिक लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी आस्था को सशक्त करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों के विरुद्ध कठोर कानून का बिल पास किया गया है, जिसमें कड़ी सजा और जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इससे अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी रोक लगेगी। बस्तर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह और जवानों के अदम्य में साहस से सरकार ने नक्सलियों के प्रभाव को समाप्त करने में सफलता पाई है और अब वहां नियद नेल्लानार के तहत सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में विभिन्न विभागों में 20 से 25 हजार भर्तियां की गई हैं। चयन मंडल का गठन कर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे युवाओं को बिना किसी भेदभाव के अवसर मिल रहे हैं। पीएससी गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच कराई गई है और ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है।

## एक नजर

### उप निर्वाचन के तहत मतदाता सूची मुद्रण के लिए निविदा जारी, 8 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 2 अप्रैल।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में रिक्त पदों पर प्रस्तावित उप निर्वाचन की तैयारियों को गति देते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के मुद्रण हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि नगरीय निकाय अंतर्गत किरोड़ीमलनगर के 01 पार्षद पद तथा त्रिस्तरीय पंचायत के 59 पंच पदों पर उप निर्वाचन कराया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली के तैयार करने एवं पुनरीक्षण का कार्यक्रम पूर्व में अधिसूचित किया जा चुका है। निर्वाचक नामावली के मुद्रण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप निविदा आमंत्रित की गई है। अनुमानित व्यय लगभग 50 हजार रुपए से कम होने की संभावना है, जिसके तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निविदा जारी की गई है। 8 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा प्राप्त की जाएगी एवं प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 4 बजे खोला जाएगा। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) रायगढ़ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं



**धमतरी, 2 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टोरेट में आज आयोजित जनदर्शन में ग्राम पंचायत सियादेही के ग्रामीणों ने अवैध ईंट भट्टे का संचालन रोकने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं बोरसी के ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था के लिए तीन स्थानों पर बोर खनन करने, सांस्कृतिक रंगमंच में डोम निर्माण की स्वीकृति देने, गांव के घास भूमि व पावड़ भूमि को आबादी भूमि घोषित करने की गुजारिश कलेक्टर से की। धमतरी निवासी 86 वर्षीय वृद्ध किशन यादव ने अपनी तीन नातिनों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का लाभ देने संबंधी आवेदन दिया। नगरी ब्लॉक के श्री चंदनलाल साहू ने अनियमित जमा पाबंदी योजना 2019 लागू करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम दरगहन के श्री पिताम्बर ने ग्राम सलोनी एवं दरगहन में वादग्रस्त भूमि विक्रय रोकने के लिए कलेक्टर के समक्ष निवेदन किया। इसी तरह ग्राम रूद्री निवासी रामरतन सिन्हा ने शासकीय नाले पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए विधिसम्मत कार्यवाही करने की बात कही।

### रोजगार मेला अब 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में

**धमतरी, 2 अप्रैल ।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अब 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी ने बताया कि पूर्व में यह रोजगार मेला 10 अप्रैल को आयोजित होना था, जिसमें संशोधन किया गया है। अब यह रोजगार मेला 15 अप्रैल को आयोजित होगा। रोजगार मेला में शामिल होने के इच्छुक युवा निर्धारित पॉम्पलेट में दिए गए लिंक पर ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं।रोजगार मेला में निजी संस्था के नियोक्ताओं द्वारा क्लाईंट डिलाईट एक्जीक्यूटिव और डाटा एंट्री ऑपरेटर के 50-50 तथा सपोर्ट एक्जीक्यूटिव के 100 पदों, इस तरह कुल 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपनी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर चुके या अध्ययनरत युवाओं का समुचित परामर्श कर इच्छुक युवओं को प्रस्तावित रोजगार मेला में सम्मिलित करना सुनिश्चित करें। साथ ही इच्छुक युवाओं की सूची 06 अप्रैल तक लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में उपलब्ध कराना कराएं।

### पीएम गतिशक्ति योजना एवं छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम पर कार्यशाला आयोजित

**धमतरी, 2 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम गतिशक्ति योजना एवं छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए बुनियादी ढांचा विकास कार्यों को गति प्रदान करना तथा शासकीय क्रय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित करना रहा।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में लापरवाही करने पर 51 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 अप्रैल ।** आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। निर्धारित तिथि पर निरीक्षण नहीं करने वाले 51 परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाईजरों को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रातः 7 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक किया जाना निर्धारित है। इसी क्रम में जिले के सभी परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों को 01 अप्रैल को अनिवार्य रूप से केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने तथा कार्यकर्ता/सहायिकाओं के कार्यों में सुधार लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके बावजूद 51 अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं किया जाना प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी

**रायगढ़, 2 अप्रैल ।** सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पूर्व में यह प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी अब विस्तारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी के विभिन्न पदों-अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन (दसवीं एवं आठवीं) तथा अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) के लिए पंजीकरण किया जा रहा है।

## दर्शन



### मुख्यमंत्री साय राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**रायगढ़, 2 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज रायगढ़ प्रवास के दौरान राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति, रायगढ़ द्वारा आयोजित उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने उत्कल समाज द्वारा निर्मित प्रभु जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर झारसुगुड़ा विधायक श्री टंकाधर त्रिपाठी, रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्री जीवर्धन चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं उत्कल समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

# सीएम साय ने राजमाता स्नेहमाला देवी सिंह से की आत्मीय भेंट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ प्रवास के दौरान राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह की माता जी एवं रायगढ़ रियासत की राजमाता 92 वर्षीय श्रीमती स्नेहमाला देवी सिंह से उनके राजमहल स्थित निवास पर सौजन्य मुलाकात की।इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनका कुशलक्षेम जाना और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सादगीपूर्ण और आत्मीय वातावरण में राजमाता से बातचीत करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों से भी भेंट कर उनका हालचाल जाना तथा विभिन्न विषयों पर आत्मीय चर्चा की। मुलाकात के दौरान पारिवारिक माहौल अत्यंत सौहार्दपूर्ण रहा।उल्लेखनीय है कि राजमाता श्रीमती स्नेहमाला देवी सिंह हाल ही में उपचार के बाद स्वस्थ होकर अपने निवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनसे आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर समाजसेवी एवं वरिष्ठजनों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनकी सुपुत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उर्वशी देवी सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, श्रीमती ऐश्वर्य बेला सिंह, श्री नटवर सिंघानिया, श्री गुरुपाल भल्ला, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री जगन्नाथ पाणिग्रही सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिले के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में अब और बेहतर होगी आपातकालीन चिकित्सा सुविधा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 अप्रैल।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में आज 108 संजीवनी एक्सप्रेस के अंतर्गत 11 नवीन एडवांस लाइफ सपोर्ट एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा उपस्थित रहे और एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई।

नगर निगम महापौर श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 108 संजीवनी एक्सप्रेस के तहत 11 नई एम्बुलेंस सेवाओं का शुभारंभ किया गया है, जिससे जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। कलेक्टर ने कहा कि नई एम्बुलेंस सेवाओं के माध्यम से विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इन एम्बुलेंस के माध्यम से गंभीर मरीजों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी, जिससे जीवन रक्षा की संभावनाएं बढ़ेंगी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि आज रवाना की गई 11 एम्बुलेंस की तैनाती जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में की जाएगी, जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा, जिला अस्पताल केजीएच-1 रायगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार, जिला अस्पताल केजीएच-2 रायगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कापू, सिविल अस्पताल खरसिया, सिविल अस्पताल धरमजयगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा तथा आईएफटी जिला अस्पताल रायगढ़ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के लिए एक नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस भी प्रस्तावित की गई है। इन एम्बुलेंस में आधुनिक जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध रहेंगे तथा प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ के माध्यम से मरीजों को प्राथमिक उपचार से लेकर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों तक सुरक्षित पहुंचाने की सुविधा मिलेगी। इस पहल से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

# खरसिया में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय का शुभारंभ, न्यायिक अधोसंरचना को मिला नया विस्तार

**रायगढ़, 2 अप्रैल ।** रायगढ़ जिले की तहसील खरसिया में आज जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर तहसील खरसिया में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ (सिविल जिला रायगढ़) में डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण हेतु भूमि पूजन भी वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।




मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने नवीन न्यायालय के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र की जनता को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के आवास तथा डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण को न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम दिवस पर इस प्रकार के विकास कार्यों का शुभारंभ होना पूरे वर्ष में अधोसंरचना विकास के प्रति सकारात्मक संकेत है। इस दौरान न्यायमूर्ति श्री सचिन सिंह राजपूत, पोर्टफोलियो जज, जिला रायगढ़ भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ में किया गया, जहां से तहसील खरसिया एवं जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ श्री जितेंद्र कुमार जैन द्वारा तथा आभार प्रदर्शन विशेष न्यायाधीश रायगढ़ श्रीमती शोभना कोष्टा द्वारा किया गया। 01 अप्रैल 2026 से तहसील खरसिया में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव द्वारा न्यायालयीन कार्य की शुरुआत कर दी गई है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब स्थानीय स्तर पर ही न्यायिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, तहसील खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, भटगांव के प्रतिनिधि, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, शासकीय अभिभाषक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा न्यायिक कर्मचारीगण वर्चुअल एवं भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

# कलेक्टर, एसपी ने किया सेमरगांव कर्रसाड़ स्थल का निरीक्षण



**कांकेर, 1 अप्रैल।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा और जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मण्डावी आज जिले के अंतागढ़ विकाखण्ड में आमाबेड़ा के पास स्थित ग्राम सेमरगांव में 02 अप्रैल से शुरू होने वाले लिंगों पेन कर्रसाड़ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों और समाज के लोगों से चर्चा कर कर्रसाड़ स्थल एवं मेला स्थल में मुहैय्या कराए जा रहे आवश्यक सुविधाओं जैसे-बिजली, पेयजल, पार्किंग इत्यादि की जानकारी ली, साथ ही स्थल का अवलोकन भी किया। उनके द्वारा मुख्य मार्ग के पास निर्माधान अस्थायी हैलीपेड, कर्रसाड़ स्थल के नजदीक बागझर नाला में बनाए गए स्टाफ डेम का निरीक्षण भी किया। जिला प्रशासन द्वारा कर्रसाड़ स्थल तक आवागमन के लिए परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, इसके संबंध में समाज के पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अंतागढ़ श्री ए.एस पैकरा, एसडीएम अंतागढ़ श्री राहुल रजक सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

अंतागढ़ विकाखण्ड में आमाबेड़ा के पास स्थित ग्राम सेमरगांव में 02 से 04 अप्रैल तक आयोजित होने वाले लिंगों पेन कर्रसाड़ स्थल तक आवागमन के लिए जिला प्रशासन कांकेर द्वारा निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्रसाड़ अवधि में अंतागढ़ से सेमरगांव, कांकेर से सेमरगांव, और कोरर से सेमरगांव के लिए बस संचालित की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ बस स्टैण्ड से सेमरगांव व्याहा-कढ़ाई खोदरा-बड़ेपिंजोड़ी-सेमरगांव। इसी प्रकार कांकेर नया बस स्टैण्ड से सेमरगांव, व्याहा-मलांजकुडुम-गुमझीर-उसेली-निलझर-बोड़ागांव से सेमरगांव और कोरर बस स्टैण्ड से सेमरगांव, व्याहा-हाटकर्रा-तरान्दूल-खसगांव-बोड़ागांव-सेमरगांव मार्ग से कर्रसाड़ स्थल तक पहुंचने के लिए निःशुल्क बस संचालित किया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

# गौरवपथ निर्माण से आमदी सशक्त आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित होगा:कलेक्टर

**धमतरी, 2 अप्रैल।** जिले के विकास को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आमदी गौरवपथ निर्माण को शासन से हरी झंडी मिल गई है। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आमदी क्षेत्र को एक उभरते हुए आर्थिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा भी मजबूत होगी।

राज्य शासन द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 662.61 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही अन्य संबंधित अधोसंरचनात्मक कार्यों हेतु 2119.54 लाख रुपये की स्वीकृति भी दी गई है। इन स्वीकृतियों के साथ शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य निर्धारित नियमों, तकनीकी मानकों और पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के तहत ही पूर्ण किए जाएं।

आमदी क्षेत्र में तेजी से विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। शिक्षा के क्षेत्र में पहले से स्कूल की सुविधा उपलब्ध है और जल्द ही सहकारी बैंक की स्थापना भी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, एक आधुनिक लाइब्रेरी को भी स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे स्थानीय युवाओं को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध होंगे। पारंपरिक व्यवसायों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुम्हार समुदाय के लिए भी विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं। गौरवपथ के निर्माण से आमदी सीधे फोरलेन सड़क से जुड़ जाएगा, जिससे व्यापार, परिवहन और स्थानीय रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसी तर्ज पर नगरी, भखारा और मगरलोड क्षेत्रों में भी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जबकि कुकरेल क्षेत्र में भी फोरलेन कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य जारी है।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने इस पहल को जिले के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा, ÷आमदी गौरवपथ का निर्माण धमतरी के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि आमदी को एक सशक्त आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्य गुणवत्ता और समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएंगे।÷ शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा का पालन, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि भूमि उपलब्धता, डिजाइन अनुमोदन और तकनीकी स्वीकृति के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो।आमदी गौरवपथ परियोजना केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास की एक समग्र योजना है, जो बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। आने वाले समय में यह परियोजना धमतरी जिले के विकास की एक सफल कहानी के रूप में स्थापित होगी।

### हिंसा छोड़कर नई दिशा, नई राह की ओर बढ़ रहे कदम

**कांकेर, 1 अप्रैल ।** मानव समाज का सबसे उत्कृष्ट पहलू सकारात्मक परिवर्तन है, जिससे जीवन में नवाचार और नए विचार जन्म लेते हैं। ऐसा ही बदलाव आत्मसमर्पित माओवादियों के जीवन में दिखाई दे रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर उन्हें पहले प्रशिक्षित किया गया और अब कुशल होने के बाद रोजगार भी मुहैया हो रहा है। आत्मसमर्पित माओवादियों को भानुप्रतापपुर के ग्राम मुल्ला (चौगेल) के कैम्प में विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पारंगत होने के बाद प्रशासन के प्रयासों से रोजगार भी दिलाया जा रहा है।

# राम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, प्रदेशभर से आए कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**दल्लीराजहरा, 2 अप्रैल।** राम नवमी उत्सव समिति के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मोत्सव दल्लीराजहरा में धूमधाम से मनाया गया। दल्लीराजहरा के सनातन प्रेमी विशाल मोटवानी के नेतृत्व में ऐतिहासिक घोड़ा मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से भी आए कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अतिथियों में भोज राज नाग सांसद कांकेर लोकसभा, अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग, तुलसी कौशिक मुख्यमंत्री के निजी सहायक, आशुतोष महाराज , पवन साहू पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, डॉ शिरोमणि माथुर लेखिका एवं समाजसेवी, तोरण लाल साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा, गोविंद वाधवानी अध्यक्ष राजहरा व्यापारी संघ, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम अध्यक्ष लोहारा नगर पंचायत, राम अग्रवाल यूनिट हेड जगननाथ स्टील एंड पावर लिमिटेड, गगनदीप सिंह हंसपाल प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, स्वाधीन जैन प्रदेश कार्यकारिणी समिति अल्पसंख्यक मोर्चा, अमित कुकरेजा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, गोवर्धन दास मोटवानी कार्यकारी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत थे। आयोजन समिति के प्रमुख विशाल मोटवानी ने अतिथि स्वागत के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम का जन्म उत्सव मनाने के लिए आज नगर में सभी वर्ग का सहयोग हमें मिल रहा है। यही दल्ली राजहरा की खासियत है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं और भाईचारा के साथ कार्य करते हैं। हमारे इस आयोजन का कोषाध्यक्ष मुस्लिम है। हम यहां सभी धर्म को मानते हैं तथा एक दूसरे का सहयोग करते हैं यही राजहरा की खूबसूरती है और यही हमारी राजहरा की पहचान है।

हमारे इस आयोजन समिति में कोई बड़ा नहीं होता हम सभी एक साथ मिलकर कार्य करते हैं और सभी के भावनाओं का सम्मान करते हैं। सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र भोजराज नाग ने कहा कि भारत एक महान देश है हम सब का परम सौभाग्य है, हमारे पूर्वजों का अच्छा कार्य है कि हम इस भारत भूमि में जन्म लिए हैं भारत ही ऐसा देश है जो दूसरों के सुख चाहता है। दूसरे के बारे में सोचता है वरना दुनिया सिर्फ अपने स्वार्थ के पीछे दौड़ रहा है। भगवान रामचंद्र जी राजगद्दी को छोड़कर समाज हित और जनता के हित में अधर्म को समाप्त करने और धर्म के राज्य स्थापित करने के लिए वन में गए। यदि भगवान को राजगद्दी मिला रहता तो राम की जो महिमा है, जो छवि है वह नहीं बनती और उनकी राम जन्म लेने की सार्थक नहीं होता।आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। साहित्यकार एवं कवित्री डॉ शिरोमणि माथुर ने कहा कि दुनिया में आज अराजकता छाई है इसका मुख्य कारण है लोग सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं। हमें अपना स्वार्थ छोड़कर देशहित और परमार्थ को बारे में सोचना होगा।

## एक नजर

### राजस्व शिविर में आवेदनों का त्वरित निराकरण किसान के खेत का किया गया सीमांकन



**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा अंतर्गत राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। बुधवार को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में आयोजित शिविर में ग्राम खैरताल के किसान माखन लाल के आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए पटवारी और आरआई द्वारा मौके पर जाकर खेत का सीमांकन किया और किसान को बताया गया। शिविर के पहले दिन बुधवार को कुलदीप 157 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 97 आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसमें फ़ौती नामांतरण के 23, बंटवारा के 6अभिलेख त्रुटि सुधार के 16, किसान किताब के 18, आय, जाति और निवास प्रणाम पत्र के 47 आवेदन शामिल है। शिविर में 23 किसानों को स्वामित्व कार्ड वितरित किया गया। इसके साथ ही वहील चेयर, बी -1, व किसान किताब भी वितरित की गई।

### राजस्व पखवाड़े के सुचारु संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 1अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है।उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सम्बंधित नोडल अधिकारी शिविर में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित कराएंगे। जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते को तहसील भाटापारा, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता को तहसील पलारी, अपर कलेक्टर अवधराम टंडनन को तहसील बलौदाबाजार व सुहेला, अपर कलेक्टर निशा नेताम मंडावी को तहसील सिमगा, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर को तहसील लवन, डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोनकर को तहसील टुण्डरा व सोनाखान, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली को तहसील कसडोल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर बालोद में अतिक्रमण हटाने की जा रही कार्रवाई

**बालोद, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में प्रशासनिक अमले के द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत आज एसडीएम बालोद नूतन कंवर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबिन अली के नेतृत्व में राजस्व एवं नगर पालिका के संयुक्त टीम के द्वारा नया बस स्टैण्ड बालोद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नया बस स्टैण्ड के अनेक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

## ग्राम बिनौरी में गला घोंटकर हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा, 3 गिरफ्तार

# मृतक की पत्नी, भाई व रिश्तेदार निकले हत्यारे

■ मृतक का रोज ही नशे में आकर परिजनों को मानसिक, शारीरिक प्रताडित करना ही हत्या की मुख्य वजह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल।** बिनौरी निवासी राम कुमार साय (37) का 29 मार्च की रात्रि 11 बजे से 30 मार्च की 2.30 बजे के बीच मृत्यु होने पर सूचक मृतक की पत्नी मीना बाई साय की रिपोर्ट पर मर्ग सदर कायम कर मृतक के शव का पंचनामा कार्यवाही कर पीएम करवाया गया। मृतक की मृत्यु के संबंध में मृतक के परिजन एवं शव पंचनामा कार्यवाही एवं डाक्टरो की टीम से प्राप्त शार्ट पीएम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा होमिसाइडल प्रकृति का होना लेख किया गया।

जांच के दौरान घटना एवं मृतक की हत्या होने के संबंध में पता चला- मर्ग जांच के मृतक राम कुमार साय के साथ 29 मार्च की रात्रि 11.00 बजे से दिनांक 30 मार्च के 2.30 बजे के मध्य घटना स्थल मृतक का घर खेत पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गला घोट कर हत्या करने मृत्यु होना पाए जाने से प्रथम दृष्टिया में आरोपी का कृत्य अपराध धारा 103 (1) व्हहस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस की जांच एवं वारदात का तरीका- दौरान विवेचना के प्रकरण में संदेही मृतक की पत्नी मीना बाई साय, संदेही बड़े भाई महावीर साय, संदेही वैभव उर्फ़अंशु को थाना तलब कर पृथक-पृथक घटना के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उक्त आरोपी गणों ने अपने अपने मेमो. कथन में बताया कि, मृतक बहुत शराबी क़िस्म का व्यक्ति था, जो घर के सभी लोगो को बहुत परेशांन किया करता था एवं मृतक अपने बेटी के ऊपर भी बुरी नियत रखता था, जिससे मृतक की पत्नी एवं मृतक का भाई परेशान रहता था। इसी नियत से मृतक के सोने के बाद घाट पर मीना बाई साय, संदेही बड़े भाई महावीर साय, संदेही वैभव उर्फ़ अंशु द्वारा योजना बनाकर मृतक राम कुमार साय का गमछा से गला घोटकर हत्या करना एवं घटना में प्रयुक्त गमछा को पत्थर में बाँध कर घर के पास कुआ में फेकना बताया गया, जो आरोपी गणों के द्वारा साक्ष्य छुपाने की नियत से कुआ में फेकना पाया गया है।

प्रकरण में आरोपी गणों के द्वारा योजना बनाकर घटना घटित करना एवं घटना में उपयोग गमछा को साक्ष्य मिटाने की नियत से कुआ में फेंकना पाये जाने से प्रकरण में धारा 61[2], 238 [क]3[5] BNS जोड़ी गई है। बाद प्रकरण के आरोपी गणों से घटना के समय उपयोग मोबाईल को पृथक पृथक जप्त किया गया है। घटना स्थल के निरीक्षण, मृतक के पिता के निशान देही पर तैयार किया गया है एवं आरोपी महावीर साय के निशान देही पर घटना में प्रयुक्त गमछा 03 नग एवं पत्थर को कुंआ से जप्त किया गया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी- प्रकरण में अब तक की विवेचना शव पंचनामा आरोपी गणों के द्वारा मेमोरंडम कथन के आधार पर आरोपी 1. महावीर साय 2. मीना बाई, 3. वैभव उर्फ़ अंशु बघेल के विरुद्ध अपराध धारा घटित करना सबुत पाए जाने से उक्त आरोपी गणों को 31 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस टीम की सफलता- उक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में, अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में थाना पलारी से निरीक्षक परिवेश तिवारी थाना प्रभारी, सउनि राजेश कुमार सेन, आर. संजय गुप्ता, कृष्णा यादव, पूनाराम घृतलहरे एवं वैज्ञानिक अधिकारी सीन आफ क्राईम यूनिट बलौदाबाजार राजीव पंकज व अन्य स्टाफका विशेष योगदान रहा।

## शिवरतन के प्रयासों से साढ़े 6 करोड़ रु. की सड़क परियोजना को मिली स्वीकृति

■ सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, रोज़गार और सामाजिक बदलाव का रास्ता हैं : शिवरतन शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 2 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता शिवरतन शर्मा के प्रयासों से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास को बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा भाटापारा विकास खंड के ग्राम दत्तरेंगा से बिजराडीह मार्ग तक लगभग 06.20 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 06 करोड़ 76 लाख 35 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार उक्त सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। इस स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस सड़क परियोजना से दत्तरेंगा से बिजराडीह मार्ग तक आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। स्थानीय व्यापार, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। साथ ही क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

शिवरतन शर्मा ने इस विषय पर पश्चिम बंगाल से दूरभाष चर्चा में कहा कि सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, रोज़गार और सामाजिक बदलाव का रास्ता हैं। शर्मा ने आगे कहा कि राज्य की भाजपा सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सड़क सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि विकास का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। भाटापारा विधानसभा के समग्र विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी इसी तरह विकास कार्य जारी रहेंगे।

# कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिसाहू दास महंत की जयंती मनाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 2 अप्रैल।** डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 1 अप्रैल बुधवार को नवीन विश्राम भवन में कांग्रेसियों के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जयंती पर तैलचित्र पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर नमन कर जयंती मनाई गई। जिसके पश्चात प्रभारीगणों की उपस्थिति में डोंगरगढ़ शहर बूथ कमेटी एवं वार्ड अध्यक्ष कमेटी का गठन सभी बूथ एवं वार्ड में जाकर किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता शिशुपाल भारती, धीरज मेश्राम, जितेंद्र भाटिया, विष्णु लोधी, किरण मेश्राम, मतीन खान ने वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ गठन को लेकर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन हरीश भंडारी व आभार प्रदर्शन निधि गजभीए ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश करसे, अमीन उके, रिमी भाटिया, दिनेश साखरे, किशोर अंबादे, बब्बू खान, प्रमोद टेंभुर्णिकर, मनोज साहू, देवेंद्र वाल्दे, बबलू खोबरागड़े, मोहम्मद सादिक, प्रशांत कांडे, रूपेश मसीह, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, दुखीचंद बडोले, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, बबलू शांडिल, ओम प्रकाश महानदी, ललिता सखारे, माया सिंघाड़े, अल्का साखरे, निधि चंद्रिकापुरे, पंकज सोनी, अमन सिंह, केशव टांडी, सारिका बडोले, प्रियंका पूर्ति, रेखा खोपरागड़े, राम तराने, एडविं हैदर, राहुल यादव, कृष्ण गुप्ता, संजीव गुप्ता, सुमित खोबरागड़े, गोपाल वर्मा, प्रजेश सहारे, वीरेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवती को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गवाहों से पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण पर यह पाया गया कि आरोपी द्वारा मोबाइल काल के माध्यम से प्रकरण की मृतिका को उसकी तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल करने एवं बदनाम करने की धमकी देकर पैसे की मांग किया जाता था। मृतिका द्वारा आरोपी को फ़ोन-पे के माध्यम से 60, 000 दे भी दिया गया था, इसके बाद भी आरोपी द्वारा और अधिक पैसे देने की मांग कर मृतिका को लगातार फ़ोन करके प्रताड़ित किया जा रहा था। उक्त प्रताड़ना से तंग आकर मृतिका द्वारा 17 अप्रैल 2025 को आत्महत्या करने के लिए चूहे मारने की दवा का सेवन कर लिया गया। तत्पश्चात 22 अप्रैल 2025 को मृतिका का रायपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गया प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए तथा प्रकरण में महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर थाना पलारी में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 66/2026 धारा 108 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द किया गया तथा प्रकरण में अपराध सबूत पाए जाने से आरोपी गुलशन कश्यप को कानपुर उत्तर प्रदेश से हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा मृतिका की तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल करने एवं उसे बदनाम करने की धमकी देते हुए मृतिका से फ़ोन पे से पैसे प्राप्त करना एवं और ज्यादा पैसा देने के लिए उसे बार-बार धमकी देना स्वीकार किया गया।

# जिले में नलकूप खनन पर 30 जून तक प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

## प्राधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना बोर खनन पर होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल।** जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुलदीप शर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत जिले में उक्त दर्शित अवधि में प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं करेगा। उल्लंघन करने पर सम्बधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही होगी।

शासकीय, अर्धशासकीय, नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परन्तु वे भी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। कोई भी व्यक्ति द्वारा अनुज्ञा के बिना अधिनियम का उल्लंघन करते हुए नलकूप खनन करते पाए जाने पर पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1987 के धारा 3 या 4 के उपबंधों का उल्लंघन पर कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुलदीप शर्मा ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए सम्बधित राजस्व अनुभाग के एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है जो संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीयनिकाय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे।समस्त प्राधिकृत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे।

■ बालोद जिले में स्वास्थ्य सुविधा में विस्तार के लिए

# जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर ने 15 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस के तहत 375 नई एंबुलेंसों का लोकार्पण किया है, जिससे अब लोगों को तेजी से मेडिकल सहायता मिल सकेगी। जिसमें बालोद जिले को 15 नई एंबुलेंस की सौगात मिली है। इस पहल के तहत 14 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 01 एडवांस्ड लाइफसपोर्ट एंबुलेंस शामिल हैं। नई व्यवस्था के अनुसार अब शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट के भीतर और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एंबुलेंस उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी समय पर इलाज मिल सकेगा। बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाएं दी गई हैं। इसके अलावा ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन और अन्य जरूरी उपचार भी मौके पर ही उपलब्ध होंगे।

संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में आज संजीवनी एक्सप्रेस की सभी वाहनों का आगमन हुआ। यहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कृष्णकांत पवार सहित मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके की उपस्थिति में सभी एंबुलेंस की विधिवत पूजा अर्चना कर झंडी दिखाकर जिले के सभी विकासखंड में रवाना किया गया।

# मुसराकला क्षेत्र में ग्रामीणों को मिली पानी की समस्या से निजात

## ग्रीष्मकालीन फसल पर रोक लगाने सरपंच व पंचों की पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़/मुसरा, 2 अप्रैल।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का समर्थन करते हुए ग्राम पंचायत मुसरा कला की सरपंच गायत्री टेम्बुरकर के नेतृत्व में पंच गणों व ग्रामीण जनों द्वारा क्षेत्र के कृषकों को ग्रीष्म कालीन फ़सल नहीं लेने जागरूक किया गया। इसके पूर्व ग्राम पंचायत मुसरा कला की सरपंच मति गायत्री शिव टेंभुरकर की पहल पर ग्राम सभा की बैठक में ग्रीष्म कालीन धान फ़सल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर ग्रामीणों को सख्त संदेश दिया गया कि गर्मी में धान फ़सल लगाने वाले किसान के खेतों से बोर कनेक्शन के लिए लिए गये बिजली को काट दिए जायेगा। ग्राम सभा द्वारा लिए गए निर्णय को बुद्धिजीवी किसानो ने स्वागत कर जागरूकता अभियान में सहभागिता निभाया।

जिसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र के सभी किसानो ने धान का फ़सल नहीं लेना का फैसला किया था। जिसका सुखद परिणाम आज देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत वर्ष ग्राम पंचायत मुसरा कला में 200 एकड़ कृषि भूमि एवम मुसरा से लगे क्षेत्रों में भी धान की फ़सल लगाई गई थी। जिसके कारण क्षेत्र का जल स्तर इतना नीचे गिर गया कि पीने के पानी की समस्या इतनी भयावह हो गई थी कि फ़रवरी माह में ही पंचायतों को टैंकरों के माध्यम से लोगों को पानी पिलाया गया। इस समस्या को देखते हुए इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान के फ़सल को पंचायत द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया।

हनुमान जन्मोत्सव



रायपुर, 2 अप्रैल। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म हनुमान मंदिर में आज महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में राज्यपाल रमेन डेका व विधायक पुरंदर मिश्रा ने भाग लेकर बजरंग बली का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सरकार पर बिरगांव में गैस सिलेंडर वितरण में भेदभाव और कालाबाजारी का आरोप

**रायपुर, 2 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में आज बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं की गंभीर समस्या को लेकर रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में बिरगांव नगर निगम महापौर नंदलाल देवांगन, रायपुर ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा, बिरगांव नगर निगम सभापति कृपाराम निषाद, एमआईसी मेंबर इकराम भाई तथा अन्य पार्षदों की विशेष उपस्थिति रही। बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में गैस उपभोक्ताओं को दूसरा सिलेंडर 45 दिनों बाद दिया जा रहा है, जबकि रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मात्र 25 दिनों में दूसरा सिलेंडर उपलब्ध हो रहा है। दोनों क्षेत्र नगर निगम के अंतर्गत आने के बावजूद भाजपा सरकार द्वारा यह स्पष्ट भेदभाव किया जा रहा है। एक सामान्य परिवार में एक सिलेंडर मुश्किल से 15 से 20 दिन ही चल पाता है। ऐसे में 45 दिनों का लंबा इंतजार उपभोक्ताओं के लिए असहनीय हो गया है।



इस मजबूरी के कारण बिरगांव के आम उपभोक्ता ब्लैक मार्केटिंग का शिकार बन रहे हैं और उन्हें 4000 रुपये तक में एक गैस सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। महिलाएं, बच्चे और गरीब परिवार इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। खाना पकाने के लिए महंगे ब्लैक सिलेंडर खरीदना या लकड़ी-उपले का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे परिवारों का बजट बिगड़ रहा है और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

भाजपा सरकार को खरी-खोटी सुनाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, भाजपा सरकार की यह नीति घोर अन्यायपूर्ण है। बिरगांव नगर निगम को जानबूझकर ग्रामीण मानकर 45 दिन का नियम थोप दिया गया है, जबकि रायपुर नगर निगम को 25 दिन। दोनों जगह नगर निगम है, फिर भेदभाव क्यों? आम परिवार में एक सिलेंडर 15-20 दिन में खत्म हो जाता है, लेकिन भाजपा सरकार महिलाओं और गरीबों की रसोई को महंगा बनाने पर तुली हुई है। रायपुर ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार पश्चिम एशिया का बहाना बनाकर अपनी नाकामी छिपा रही है। असल में गैस कंपनियों और कालाबाजारियों को संरक्षण दे रही है। बिरगांव के गरीब उपभोक्ता मजबूरी में 4000 रुपये में ब्लैक सिलेंडर खरीद रहे हैं।

एक नजर

## किअंश ने प्राप्त की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरी रेंक

**रायपुर, 2 अप्रैल।** सरोना स्थित सालासर ग्रिन्स सोसायटी के किअंश ओझा साल्वे ने



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरी रेंक प्राप्त की है। एसोसिएशन ऑफइंडियन प्रिंसिपल्स ( भारत सरकार को सलाह देने वाले प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय ), क्रेस्ट ओलम्पियाड्स एवं युनाइटेड नेशन्स के अंतर्गत कार्यरत संस्था वाटर बैंक फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंटरनेशनल ग्रीन वॉरियर ओलम्पियाड - 2025-26 में किअंश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरी रेंक प्राप्त होना रायपुर शहर के लिए गौरव की बात है। इसके अतिरिक्त कक्षा दुसरी में पढ़ने वाले आठ वर्षीय किअंश को क्रेस्ट ओलम्पियाड्स द्वारा आयोजित इंटरनेशनल स्पेल बी ई ई विंटर में मैरिट सर्टिफिक्रेट एवं सिल्वर ज़ोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंटरनेशनल इन्फॉर्मेटिक्स ओलंपियाड में स्पेसियल एचीवमेंट सर्टिफिक्रेट प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर किअंश की शाला एवं सामाजिक पदाधिकारियों ने प्रसंशा की।

## छत्तीसगढ़ के हास्य कलाकार सुभाष उमरे का निधन

**रायपुर, 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और हास्य परंपरा को जीवंत रखने वाले सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार और लाफ्टर लेखक सुभाष उमरे का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ के कला जगत में गहरा शोक व्याप्त है। दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लिटिया सेमरिया में जन्मे सुभाष उमरे ने अपनी अनोखी हास्य शैली और मंचीय अभिनय से हजारों लोगों को वर्षों तक हंसाया। 1 मार्च 1959 को जन्मे सुभाष उमरे ने 1 अप्रैल 2026 की शाम अपने ही गांव में अंतिम सांस ली। सुभाष उमरे सात भाइयों में तीसरे स्थान पर थे और परिवार में उनका विशेष स्थान था। भाई अजय उमरे ने बताया कि सुभाष उमरे बचपन से ही हंसमुख स्वभाव के थे और लोगों को हंसाना ही उनका जुनून बन गया था।

# नक्सलियों एवं कांग्रेस का रिश्ता क्या कहलाता है बताएं भूपेश बघेल : पांडेय

**रायपुर, 2 अप्रैल।** भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लगातार दिए जा रहे बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस तरह से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को डिबेट के लिए चुनौती दे रहे है यह कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के नक्सलमुक्त भारत होने का दर्द है। अब कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं को डर सताने लगा है कि छत्तीसगढ़ की जनता को अब किनसे डराएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश में क्या चल रहा है इससे कोई मलतब नहीं है तभी तो उनके नेता एवं लीडर ऑफ ऑपोजिशन देश की समस्याओं से चर्चा करने के बजाय सदन से हमेशा गायब रखते हैं। जब सदन में नक्सलवाद के मुद्दे पर चर्चा हो रह थी तब उनके नेता राहुल गांधी सदन में उपस्थित क्यों नहीं थे? पलायन कर कहीं भाग खड़े होते है।



सांसद पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनौती को स्वीकार करते हुए कांग्रेस पार्टी से तीन सवाल करते हुए कहा कि झीरम कांड के बाद जब कवासी लखमा रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में थे तो उनसे मिलने गए कांग्रेस नेता चरणदास महंत ने लखमा को क्यों डाट रहे थे और ये क्यों बोल रहे थे कि क्यों रे वहां लेकर क्यों गया। क्या पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी इसका जवाब देंगे? उन्होंने दूसरा सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व फिल्म अभिनेता राज बब्बर 2018 में जब छत्तीसगढ़ आए थे और उन्होंने नक्सलियों को क्रांतिकारी क्यों कहा था? क्या कांग्रेस पार्टी और उसके नेता नक्सलियों को शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल के जैसे समझते है। जो नक्सली जिसने पूरे छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्र को रेड कॉरिडोर बना के रखा दिया था उनकी तुलना शहीदों से कांग्रेसी कर रहे है। कांग्रेस नेता राज बब्बर नक्सलियों को क्रांतिकारी बताकर क्या साबित करना चाहते थे?

## मुख्यमंत्री ने 11 प्रतिभाओं को जैन रत्न अलंकरण से किया सम्मानित

**रायपुर, 2 अप्रैल।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की ओर से 2625वीं महावीर जयंती के पावन अवसर पर दादाबाड़ी में समाज के रत्नों को सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 समाजजनों और पांच संगठनों को उल्लेखनीय सेवाकार्य के लिए का सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंच से जैन रत्न अलंकरण और विशिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में स्टार जैन और नेमचंद खुशालचंद बटाविया, शिक्षा के क्षेत्र में अर्चना जैन, नमन गोलछा, दिशा जैन, जैन समाज की पहली युवती वकालत के क्षेत्र में सुगंधा जैन, सुप्रीम कोर्ट स्टैंडिंग काउंसिल ऑफ़ छत्तीसगढ़, दानशीलता के लिए सुरेश बाघमार जैन, समाजसेवा के क्षेत्र में अजय मधुकर काले, जैन समाज की पहली महिला पायलेट, उद्यमिता के क्षेत्र में ऋत्तु एस चौरड़िया, न्यायलीन सेवा के क्षेत्र में करूणा सिंगी को सम्मानित किया गया। भगवान महावीर जयंती के मुख्य कार्यक्रम में पांच संगठनों को विशिष्ठ सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें विहार सेवा ग्रुप को साधु-साध्वी वैयावच्च के लिए, भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट को समाज सेवा चिकित्सा सेवा के लिए, जैन प्रयास ग्रुप को निशुल्क दवा वितरण के लिए, साधुमार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर को धर्म सेवा प्रभावना के लिए और मनुबाई आसकरण चोपड़ा चौरिटेबल ट्रस्ट को निशुल्क भोजन वितरण के लिए सम्मानित किया गया।






## तीन अप्रैल से महादेव घाट में वॉलीबॉल का महासंग्राम

**रायपुर, 2 अप्रैल।** हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ, रायपुर द्वारा 3 से 5 अप्रैल तक महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल ग्राउंड में 5वीं ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 3 अप्रैल, शुक्रवार को सुबह 10 बजे विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर मनोज वर्मा, महेन्द्र औसर (पार्षद द्वय) मोहम्मद अकरम खान, अनुराग राठी संरक्षक, मंगलेस्वर सिंह, जितेन्द्र सिंह, मार्तंड सिंह सचिव, रमाकांत निषाद सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में मास्टर्स 40+ वर्ग के साथ ओपन गर्ल्स स्पर्धा भी होगी। मास्टर्स वर्ग में दुबई, उत्तर प्रदेश, केरल, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, चंडीगढ़, कोरबा, रायपुर और मॉर्निंग क्लब की टीमें भाग लेंगी, जबकि महिला वर्ग में पुणे, हरियाणा, कोलकाता, दिल्ली, आगरा, एसएआई रायपुर और भिलाई की टीमें उतरेंगी। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कई टीमों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध खिलाड़ी शामिल रहेंगे। मास्टर्स वर्ग में प्रथम पुरस्कार 71, 000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 51, 000 रूपए। ओपन गर्ल्स वर्ग में प्रथम पुरस्कार 31, 000 रूपए तथा द्वितीय पुरस्कार 21, 000 रूपए और शील्ड रखा गया है। आयोजन के बारे जानकारी अध्यक्ष सैयद अनवर अली ने दी है।

### हनुमान जयंती पर प्याऊ का शुभारंभ

**रायपुर, 2 अप्रैल।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष जी स्वामी, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर हिमांशु भारतीय के मार्गदर्शन में आज हमुमान जयंती पर जिला संघ रायपुर द्वारा डब्ल्यूआरएस नगर पालिक निगम उ मा शाला खमतराई के सामने बाजार चौक पार्षद कार्यालय के पास प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मृत्युंजय शुक्ला जिला सचिव, गज्जू साहू जोन अध्यक्ष क्रमांक 1, दिनेश शुक्ला, भाऊ सिंग, शर्मा जी, मनोहर आदिवासी, दूर्वाश मताले, अमर किस्पोट्टा, मोहन उपरकर, बंशी साहू, सी. पी शर्मा शंकुल समन्वयक, नमन साहू, 2ह्नह्य नगर पालिक निगम उ मा शाला खमतराई के स्काउट गाइड विनय साहू, दिव्या पटेल, लिनम साहू, मिनिता साहू, शेफाली साहू, प्राची विश्वकर्मा, किंजल नट, गीतांजलि यादव आदि उपस्थित रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26